नई दिल्ली, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 ■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष -12 ■ वर्ष : 29, अंक 360 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 40 न्यून. 26 haribhoomi.com




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## ईरान की सीमा पार कर आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचे 2 हजार 230 लोग

# पीएम के निर्देश पर खाड़ी से बढ़ता संवाद सुरक्षित देश लौटे 9 लाख 27 हजार भारतीय

### यह जानकारी अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल, असीम.आर.महाजन ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच अब तक कुल करीब 9 लाख 27 हजार भारतीयों की पश्चिम-एशिया के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित वतन वापसी हुई है। समूचे क्षेत्र के हालात पर विदेश मंत्रालय की कड़ी नजर बनी हुई है। जिसमें देश के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं, भारतीयों की स्वदेश वापसी की इस व्यापक प्रक्रिया को सफलता के साथ पूरा करने में उन सभी देशों की अहम भूमिका है। जिन्होंने अपनी हवाई सीमा के आंशिक रूप से खुले होने की स्थिति में भी देश के विभिन्न शहरों के लिए लगातार गैर पंजीकृत कमर्शियल उड़ानों का संचालन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों का खासतौर पर खाड़ी के देशों के साथ संपर्क और संवाद की प्रक्रिया युद्धस्तर पर जारी है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने दी है।



#### ईरान से बाहर निकले 2,230 भारतीय

महाजन ने बताया कि तेहरान में हमारे दूतावास की मदद से अब तक कुल 2 हजार 230 भारतीयों को सुरक्षित ढंग से आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया गया है। वहां से जल्द ही यह सभी लोग देश पहुंचेंगे। सड़क मार्ग से ईरान की सीमा पार करने वाले इन लोगों में 987 छात्र और 657 मछुआरे भी शामिल हैं। इजरायल की हवाई सीमा आंशिक रूप से खुली हुई है। वहां से सीमित उड़ानों का संचालन जारी है। जिसे देखते हुए हम लगातार देश के लोगों को जॉर्डन और मिस्र के रास्ते वापस स्वदेश ला रहे हैं। इराक की हवाई सीमा खुली है। जिसे लेकर एराकी एयरवेज ने बीते रविवार से भारत के लिए अपनी उड़ानों की शुरुआत की है। लेकिन हम अपने लोगों को इराक से जॉर्डन और सऊदी अरब के रास्ते भी वापस ला रहे हैं।

#### यूएई से आएंगी 100 उड़ानें

उन्होंने बताया कि आज यूएई से 100 उड़ानें भारत के अलग-अलग शहरों तक पहुंचेंगी। कतर की हवाई सीमा आंशिक रूप से खुली हुई है। वहां से आज कतर एयरवेज 8 से 10 उड़ान देश पहुंचेंगी। कुवैत की हवाई सीमा बंद है। इसलिए जजीरा एयरवेज सऊदी-अरब के दम्माम एयरपोर्ट के रास्ते अपनी उड़ान भारत भेज रहे हैं। बहरीन की हवाई सीमा खुली है। उनकी गल्फ एयर सीमित उड़ानों का संचालन सऊदी अरब के दम्माम एयरपोर्ट से कर रही है।

#### मंत्रिस्तरीय वार्ताओं का निचोड़

रणधीर ने कहा कि पूर्व में हुई विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कतर की यात्रा पीएम के जरूरी निर्देश का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। इन सबके बीच केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी क्षेत्र के अपने समकक्षों के साथ साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं।







### सीमेंट मिक्सर से टकराई वैन, 11 लोगों की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में सवारियों से भरी वैन सीमेंट मिक्सर से टकरा गई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना गोविली गांव के रायता पुल के पास सुबह करीब 10:45 बजे हुई। वैन कल्याण से मुरबाद जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रहे एक सीमेंट मिक्सर से आमने-सामने की टक्कर हो गई। वैन में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है और दो घायलों को उल्हासनगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छह लोगों की पहचान कर ली गई है और अन्य पहचान करने की प्रक्रिया जारी है।



### बेटे की चाहत में कपल ने बेटियों को दिया जहर

**अहमदाबाद।** चांदखेड़ा में एक परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। मां ने बाजार से बैटर लाकर डोसा बनाया था। इसे खाकर उनकी बेटियों को मौत हुई। पुलिस को घर से डायरी मिलने के बाद हत्या के बारे में पता चला। जिन बच्चियों की मौत हुई, उनमें तीन महीने की राहा प्रजापति और चार साल की मिश्री हैं। पुलिस को डायरी मिली है। उसमें उसने लिखा था कि वह एक बेटा चाहती है और अगर उसकी यह इच्छा पूरी हो जाती है, तो वह मंदिर जाकर मन्नत पूरी करेगी। इसी से हत्या का खुलासा हो गया। जिस दुकान से बैटर खरीदा था उसके सैंपल में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं था।



### 16 से 18 अप्रैल तक संसद में होगा विशेष सत्र, भारत लेगा 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय

# लागू होगा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पंचायत से सीधे संसद पहुंचेंगी महिलाएं: प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करने के लिए इस सप्ताह 16 से 18 अप्रैल तक संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक बुलाई है। जिसे लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। केंद्र 2029 की तय समय-सीमा में ही इस अधिनियम को लागू करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि आगामी गुरुवार से लेकर शनिवार तक हमारी संसद के दोनों सदन (लोकसभा, राज्यसभा) एक नया इतिहास रचने के करीब हैं। जिसमें 21वीं सदी का एक सबसे बड़ा, महिलाओं को समर्पित निर्णय लिया जाएगा। जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। इसलिए मैं, देश की सभी महिलाओं को नए युग के आगमन की बधाई देता हूं।

यह जानकारी प्रधानमंत्री ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी) द्वारा 13 अप्रैल को राजधानी में आयोजित किए गए 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए दी है। जिसमें डब्ल्यूसीडी मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्रालय में राज्य ▶▶ शेष पेज 7 पर




- ▶▶ वर्ष 2029 में हर हाल में लागू होगा अधिनियम
- ▶▶ यह जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी ने डब्ल्यूसीडी मंत्रालय द्वारा आयोजित 'नारीशक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए दी है



#### पूरी होगी विपक्ष की मांग

उन्होंने कहा, देश में वर्षों से लाखों महिलाएं स्थानीय निकायों से लेकर संस्थाओं में जो काम कर रही हैं। उनके जीवन के लिए इस अधिनियम को लागू करना एक बहुत बड़ा अवसर बनने जा रहा है। क्योंकि इसकी मदद से अब पंचायत से आगे बढ़कर उनके संसद तक पहुंचने की राह आसान होने जा रही है।लोकतांत्रिक ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### संवाद, सहयोग, सहभागिता से बनेगी बात

पीएम मोदी ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार भी केंद्र की कोशिश और प्राथमिकता इस बात पर ही रहेगी कि यह काम संवाद, सहयोग और सहभागिता के माध्यम से हो। जिस प्रकार से अधिनियम को पारित करने के साथ ही संसद, सदन का गौरव बढ़ा था। ठीक उसी तर्ज पर इस बार भी सबके सामूहिक प्रयास से संसद की गरिमा नई ऊंचाइयों को छुएगी। परिणाम कुल मिलाकर यह होगा कि देश की हर महिला को अच्छा लगेगा कि प्रत्येक दल ने राजनीति से ऊपर उठकर उनके हित में यह अहम निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मामले ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### संवेदनशील बनेंगी व्यवस्थाएं

उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर संविधान सभा के फैसलों तक आजाद भारत की नींव रखने वालों में भारत की नारी शक्ति ने असीमित योगदान दिया है। जिन जगहों पर महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। उन्होंने शानदार काम किया है। देश में भी राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक जहां कहीं भी महिलाएं रही हैं। उन्होंने अपनी अलग परंपरा स्थापित की है। वर्तमान में देश की राष्ट्रपति, वित्त मंत्री जैसे अहम पदों पर जिम्मेदारियों का निर्वहन महिलाएं कर रही हैं। जिसमें उन्होंने देश की गरिमा, गौरव दोनों को बढ़ाया है। निर्णय प्रक्रियाओं में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने वाले कई अध्ययनों के मुताबिक, इससे व्यवस्थाओं में संवेदनशीलता आई है। नतीजा ये हुआ कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, पोषण जैसे कई विषयों पर अधिक समर्पण, संवेदनशीलता के साथ परिणामकारी कार्य हुए हैं।

#### 2014 से अब तक लिए यह बड़े निर्णय

उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से लेकर अब तक महिलाओं के जीवन चक्र के प्रत्येक पड़ाव के लिए कई योजनाएं बनाईं और उन्हें लागू किया है। जिनमें-

- ▶▶ भ्रूण हत्या रोकने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान।
- ▶▶ गर्भवती महिला को उचित पोषण देने के लिए मातृ वंदना योजना।
- ▶▶ बेटी के जन्म के बाद बाधारहित पढ़ाई के लिए सुकन्या समृद्धि योजना।
- ▶▶ गंभीर बीमारी से बेटी के बचाव के लिए मिशन इंद्रधनुष।
- ▶▶ स्वच्छ भारत अभियान के जरिए स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय बनाएं।
- ▶▶ माहवारी के दौरान परेशानी से बचाव के लिए मुफ्त सैनिटरी नैपकिन का अभियान।
- ▶▶ लड़कियों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया अभियान।
- ▶▶ लड़कियों के सेना में शामिल होने के सपने को पूरा करने के लिए सैनिक स्कूलों में दाखिले की शुरुआत।

## महिला आरक्षण की आड़ में गलत परिसीमन करना और जातिगत जनगणना से बचना चाहती है मोदी सरकार- कांग्रेस

*'महिला आरक्षण मुद्दा ही नहीं, यह पहले ही संसद में सर्वसम्मति से पारित हो चुका है'*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के पीछे छुपकर 'शकुनी चाल' चल रही है, ताकि वह देश में गलत परिसीमन कर सके और उसे जातिगत जनगणना न करानी पड़े।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का हवाला देते हुए कहा कि परिसीमन के जरिए छोटे और परिवार नियोजन के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले राज्यों को पूर्ण या तुलनात्मक रूप से कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार जनगणना के आंकड़ों के बिना जो परिसीमन करने जा रही है, वह गलत तरीका होने के साथ-साथ खतरनाक है। इससे उत्तर-दक्षिण राज्यों के बीच विभाजन भी पैदा होगा। उन्होंने कहा कि परिसीमन का मतलब सिर्फ सीटें बढ़ाना नहीं है, बल्कि न्यायसंगत प्रतिनिधित्व देना है।

उन्होंने कहा कि 2011 में आखिरी जनगणना हुई थी और फिर 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन यह पांच साल पीछे चल रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना जनगणना के आंकड़ों के परिसीमन कैसे किया जा सकता है? जिन-जिन राज्यों में एसआईआर हो रहा है, वहां लाखों-करोड़ों लोगों के नाम कटे हैं, यानी सरकार मान रही है कि अलग-अलग जगहों पर जनसंख्या के आंकड़े बदल रहे हैं। ऐसे में किस आधार पर परिसीमन किया जाएगा? सरकार कैसे फैसला लेगी कि एससी-एसटी आरक्षित सीटें कौन सी होंगी? उन्होंने पूछा कि जनगणना के पूरे आंकड़े अगले साल 2027 तक उपलब्ध हो जाएंगे, तो सरकार तब तक इंतज़ार क्यों नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि बिहार और तेलंगाना में हुए जातिगत सर्वे बताते हैं कि पिछड़े वर्ग की जनसंख्या कितनी अधिक है और इसी आधार पर कांग्रेस पार्टी ने 2023 में महिला आरक्षण बिल पारित होते समय कहा था कि ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण दिया जाए। लेकिन जातिगत जनगणना कराने और ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने से ▶▶ शेष पेज 7 पर

# मुख्यमंत्री सैनी ने पिपली अनाज मंडी में गेहूं खरीद प्रक्रिया का किया निरीक्षण

### कहा, प्रदेश की सभी मंडियों और खरीद केंद्रों में सुचारु चल रहा है खरीद कार्य

*फसल नुकसान एवं भरपाई के लिए 15 अप्रैल तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करें किसान*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीद का कार्य सभी मंडियों और खरीद केंद्रों में सफलतापूर्वक बिना किसी रुकावट के निरंतर चल रहा है। इस दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आ रही है। किसानों की फसल के एक-एक दाने की खरीद की जाएगी। इस वर्ष रबी खरीद 2026-27 के दौरान 12 अप्रैल तक लगभग 39.65 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है और लगभग 2.44 लाख किसानों का 30.90 लाख मीट्रिक टन गेहूं हेतु बायोमेट्रिक सत्यापन हो चुका है, 10.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है और लगभग 188 करोड़ की राशि किसानों के बैंक खाते में सीधे तौर पर स्थानांतरित हो चुकी है।

मुख्यमंत्री सैनी सोमवार को पिपली अनाज मंडी में गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अनाज मंडी के गेट पर गेट पास बनाने की प्रक्रिया को ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा तमिलनाडु के अरनथांगी में जनसभा को किया संबोधित

# तमिलनाडु की सत्ता को डीएमके के लोगों ने एक परिवार तक सीमित किया: नवीन

■ **कहा, अवैध शराब के फैलाव के कारण लगभग 68 निर्दोष लोगों की मृत्यु हुई, इस त्रासदी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को तमिलनाडु के अरनथांगी में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और राज्य से भ्रष्ट डीएमके सरकार को हटाकर, प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत, नवीन ने गंधर्वकोट्टई में वेल्लई मुनियान कोविल थिडल से गंधर्वकोट्टई बस स्टैंड तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं अरनथांगी से भाजपा प्रत्याशी कविता श्रीकांत सहित भाजपा और एनडीए के अन्य पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित रहे। नितिन नवीन ने कहा कि गरीबों के लिए आवास और किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पीएम किसान योजना के माध्यम से करीब 12,000 करोड़ रूपये तमिलनाडु के किसानों को राहत और सहायता के रूप में दिए गए हैं तथा 13 लाख से अधिक गरीबों के लिए आवास बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। यह दुर्भाग्य है कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार गरीबों के लिए तो आशियाना नहीं बना पाती, लेकिन राहुल गांधी और सोनिया गांधी को महल बनाने के लिए पैसे जरूर भेज देती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ▶▶ शेष पेज 7 पर

### राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर केंद्रीय मंत्री गडकरी की समीक्षा बैठक

# मध्यप्रदेश में ब्लैक स्पॉट्स के समयबद्ध सुधार एवं सड़क सुरक्षा सुदृढ़ करने पर विशेष जोर: गडकरी


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का सोमवार को जिला रायसेन, मध्यप्रदेश में दौरा हुआ। इस अवसर पर गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भोपाल क्षेत्र के अधिकारियों के साथ प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट्स की समुचित पहचान कर उनका निर्धारित समय-सीमा में स्थायी सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर आवश्यकतानुसार ज्योमेट्रिकल सुधार, उपयुक्त साइनेज, क्रैश बैरियर, रोड मार्किंग, लाइटिंग तथा अन्य इंजीनियरिंग उपायों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, भूमि अधिग्रहण की स्थिति तथा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। गडकरी ने कहा कि सड़क अवसंरचना का विकास ▶▶ शेष पेज 7 पर

### खुले में शराब पीने पर आपत्ति जताने पर ब्रिगेडियर और उनके बेटे के साथ हुई मारपीट

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** राजधानी दिल्ली के वसंत एनक्लेव में अपने घर के पास कार में शराब पीने से रोकने पर भारतीय सेना के एक सेवारत ब्रिगेडियर और उनके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जिसमें सेना ने दिल्ली पुलिस से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि यह पूरा मामला बीते शुक्रवार रात करीब 10 बजकर 15 मिनट का है। जब ब्रिगेडियर के आवासीय परिसर में एसयूवी कार में कुछ लोग शराब पी रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो कार में बैठे लोगों ने अपने साथ कुछ ▶▶ शेष पेज 7 पर



■ सेना ने दिल्ली पुलिस से की मामले पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग

## पूरी डिप्लोमेसी में असली पेच 'परमाणु बनाम पैसे' पर फंसा

- ▶▶ **अमेरिका की शर्त:** ईरान अपना यूरेनियम संवर्धन तुरंत रोके और सारा स्टॉक खत्म करे
- ▶▶ **ईरान का कहना:** पहले अमेरिका उसके जमे हुए अरबों डॉलर के फंड्स को जारी करे

### पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देश कर रहे प्रयास

# 21 अप्रैल तक फिर हो सकती है अमेरिका और ईरान की बात



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों देश पहली बार बातचीत को राजी हुए थे। सभी पाकिस्तान पहुंचे थे लेकिन, दूसरे दिन ही ये बातचीत विफल हो गई। जेडी वेंस ने ऐलान कर दिया है कि ईरान ने अमेरिका की शर्तें मानने से साफ मना कर दिया। इस बयान के बाद सभी को लग रहा था कि अब शांति-वार्ता की कोई उम्मीद नहीं बची लेकिन अब भी उम्मीद खत्म नहीं हुई है और 21 अप्रैल को दोनों दुश्मनों को बीच एक बार फिर से बातचीत हो सकती है। इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका की बातचीत नाकाम होने के बावजूद अभी 'मैदान' खाली नहीं हुआ है। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की जैसे मध्यस्थ अब 'सुपर-एक्टिव' मोड में आ गए हैं, ताकि दुनिया को एक भीषण परमाणु युद्ध की आग में झुलसने से बचाया जा सके। 21 अप्रैल से पहले बातचीत का एक और दौर शुरू करने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### संगम कार्यक्रम पर एलजी ने जताई खुशी

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा लांच किए गए संगम कार्यक्रम से खुश उपराज्यपाल तरनसिंह सिंह संधू बेहद खुशी जताई है। एलजी संधू ने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो पोस्ट करके इसकी जानकारी भी सार्वजनिक की है। एलजी ने पोस्ट करके लिखा है कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2 अप्रैल 2026 को मेरे दौरे और मार्गदर्शन के बाद ट्रैफिक पुलिस ने प्रोजेक्ट संगम को लॉन्च किया है। जिसका पूरा नाम है सिनर्जिस्टिक एक्शन एंड नेटवर्क्ड गवर्नेंस फॉर एरिया मोबिलिटी। उन्होंने लिखा कि सहयोगी शासन के सिद्धांत पर आधारित, इस पहल का उद्देश्य निर्णय लेने की प्रक्रिया में समुदायों को सक्रिय रूप से शामिल करके, नागरिकों पर केंद्रित और जमीनी स्तर के ट्रैफिक समाधान प्रदान करना है। जिसमें आरडब्लूए, एम डब्ल्यू, पीडब्ल्यूडी तथा एमसीडी जैसी नागरिक एजेंसियों को एक साझा मंच पर लाया जाएगा। इस साझा एक मंच के तहत यह प्रोजेक्ट अनधिकृत पार्किंग से लेकर पैदल चलने वालों की सुरक्षा तक के मुद्दों का वास्तविक समय में समाधान करने में मदद करता है।

### उपराज्यपाल ने शहीदों को किया नमन

नई दिल्ली। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले जलियांवाला बाग के शहीदों की बरसी पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने उन्हें याद करते हुए नमन किया और कृतज्ञता जाहिर की। उपराज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जलियांवाला बाग के शहीदों को शत-शत नमन! जलियांवाला बाग की दीवारों पर मौजूद गोलियों के निशान, अंग्रेज़ी हुकूमत की क्रूरता तथा निहत्थे भारतीयों के साहस और अदम्य शौर्य की जीवित कहानी बयां करते हैं। उन्होंने लिखा कि इस त्रासदी के बाद के घटनाक्रम ने भारत में आजादी की लड़ाई को नई और निर्णायक दिशा प्रदान की। उपराज्यपाल ने कृतज्ञता जाहिर करते हुए लिखा कि यहां के शहीदों की शहादत प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रेरणापुंज है।

### भाजपा ने करीब 200 मूर्तियों की सफाई करके मनाया दीपोत्सव

**नई दिल्ली**। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भर मे अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न पार्कों, स्मारकों एवं सरकारी कार्यालयों में लगी लगभग 200 मूर्तियों की सफाई करके वहां दीपोत्सव मनाया। इसी श्रृंखला में जनपथ स्थित डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ एवं दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दीप प्रज्वलन करके उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। तरूण चुघ ने कहा कि आज पीएम मोदी ने देश की 50 प्रतिशत आबादी को उनके हंड्रेड परसेंट अधिकार देने का काम शुरू किया है।

### 'प्लास्टिक छोड़ें, दिल्ली को हरा-भरा बनाएं'

**नई दिल्ली**। दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक महत्वपूर्ण जनजागरूकता संदेश जारी किया है। 'छोटे कदम से बड़ा बदलाव' के संदेश के साथ महापौर ने राजधानी के नागरिकों से रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे लेकिन प्रभावशाली बदलाव अपनाने की अपील की है। महापौर सिंह ने लोगों से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करने, डिस्पोजेबल प्लास्टिक बोतलों की जगह स्टील की बोतल अपनाने और प्लास्टिक कप के बजाय पेपर कप उपयोग करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ये छोटे-छोटे कदम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं। वहीं, नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनें और अपने घर-परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि 'छोटे कदम' सच में 'बड़ा बदलाव' ला सकें।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोलीं मुख्यमंत्री

# महिलाएं अब निर्णय लेने की प्रक्रिया का मुख्य हिस्साः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





महिलाएं अब निर्णय लेने की प्रक्रिया का मुख्य हिस्सा होने के साथ देश की तरक्की, विकास और दुनिया में भारत की पहचान बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई दूरदर्शी नीतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया और उनका धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि सती प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक चुनौतियों को पार कर आज की नारी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। एक दौर था जब बेटियों के अस्तित्व पर संकट था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' से कहीं आगे बढक़र 'बेटी बढ़ाओ' के युग में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्ष 2014 के बाद आए बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की हर योजना के केंद्र में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को रखा गया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने शौचालयों, उज्ज्वला योजना से मिली धुआं-मुक्त रसोई और जनधन खातों के जरिए मिली आर्थिक स्वतंत्रता को महिला गरिमा के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां न केवल शिक्षा और पोषण में आगे हैं, बल्कि सेना में फाइटर जेट उड़ाकर देश की सीमाओं की रक्षा भी कर रही हैं।

#### 70 करोड़ महिलाओं के सशक्त नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त

मुख्यमंत्री ने सुषमा स्वराज और निर्मला सीतारमण जैसे उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं को विदेश और वित्त मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपकर यह सिद्ध कर दिया है कि साहस और निर्णय क्षमता किसी एक लिंग तक सीमित नहीं है। उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को ऐतिहासिक बताते हुए ने कहा कि विधानसभा और संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान केवल विधायी सुधार नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने वाला कदम है। यह देश की लगभग 70 करोड़ महिलाओं के लिए सशक्त नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त करेगा।

#### महिलाएं 9667173333 पर मिस्ड कॉल देकर बनें अभियान का हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने आह्वान किया कि सभी महिलाएं 9667173333 पर मिस्ड कॉल देकर इस अभियान का हिस्सा बनें और 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' के संकल्प को मजबूत करें। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर सहित देश भर से आई नारी शक्ति उपस्थित थीं।

### दिल्ली के परिवहन मंत्री ने की अपील

## ईवी अपनाकर राजधानी को स्वस्थ बनाने में दें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हमारी सरकार एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर राजधानी के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसलिए दिल्ली की जनता ईवी अपनाकर प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ दिल्ली के निर्माण करने में सरकार का सहयोग दे। यह अपील सोमवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने की। मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि दिल्ली ईवी पॉलिसी-2.0 का ड्राफ्ट 30 दिनों तक के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है।

इस दौरान प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को मसौदे में समाहित किया जाएगा। जिसके बाद बहुत जल्द पॉलिसी को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि हमारी सरकार ने दिल्ली के ईवी सब्सिडी से वंचित हजारों लाभार्थियों को ईवी सब्सिडी प्रदान की है और लंबित मामलों का भुगतान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नई पॉलिसी के तहत सब्सिडी और अन्य प्रोत्साहन को इस तरह से बनाया गया है कि आम नागरिकों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़े। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि ईवी पॉलिसी 2.0 के ड्राफ्ट के तहत टू-व्हीलर, थ्री व्हीलर और वाणिज्यिक वाहनों के लिए आकर्षक वित्तीय इंसेंटिव प्रस्तावित किए गए हैं। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर बैटरी क्षमता के आधार पर प्रोत्साहन के साथ ई-ऑटो और इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहनों के लिए विशेष सब्सिडी का प्रावधान है। साथ ही पुराने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की स्क्रैपिंग पर भी अतिरिक्त इंसेंटिव का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में भी छूट दी जाएगी।

नई पॉलिसी में चरणबद्ध तरीके से ईवी को बढ़ावा देने के लिए तय लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। वर्ष 2027 तक सभी तिपहिया वाहनों के इलेक्ट्रिफिकेशन और वर्ष 2028 तक दोपहिया वाहनों के नए पंजीकरण को पूर्णतः इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्कूल बसों के इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए भी चरणबद्ध योजना तैयार की गई है, जिसके तहत आगामी वर्षों में सभी स्कूल बसों को इलेक्ट्रिक में परिवर्तित किया जाएगा।

### राहुल के खिलाफ टिप्पणी पर जताई नाराजगी

## युवा कांग्रेस का डीडी न्यूज कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में दिल्ली स्थित डीडी न्यूज कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने की। प्रदर्शनकारियों के हाथों में डीडी न्यूज के एक वरिष्ठ पत्रकार के खिलाफ नारे लिखे हुए थे। लाकड़ा के नेतृत्व में सोमवार को हुए प्रदर्शन की शुरुआत मंडी हाउस चौराहे से हुई और डीडी न्यूज के कार्यालय तक पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया।

जिसके चलते पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से अध्यक्ष लाकड़ा सहित अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और बाद में छोड़ दिया। इस मौके पर दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाए कि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा के पत्रकार को अगर इसी तरह की भाषा का ही इस्तेमाल करना है तो वो अपने आप को पत्रकार कहना बंद कर दे। ऐसे लोग जब जनता के टैक्स से चल रहे डीडी न्यूज़ पर बैठकर संवैधानिक पदों की गरिमा को गिराने वाली भाषा का इस्तेमाल करते हैं, तो यह साफ हो जाता है कि ये लोग सरकार के आगे बिल्कुल नतमस्तक हो चुके है। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी के लिए ज़हर उगलना, सत्ता के आगे नतमस्तक होना और पत्रकारिता की मर्यादा को कुचलना, दर्शाता है कि संविधान का चौथा स्तंभ किसके लिए काम कर रहा है। लाकड़ा ने यह मांग करते हुए कहा कि हम यह मांग करते है कि इस दरबारी पत्रकार पर तुरंत कठोर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए वह भी जल्द से जल्द। इस दौरान प्रदर्शन में कई भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पूरी तरह नियंत्रण में है एलपीजी की आपूर्तिः रेखा गुप्ता

### मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से की घबराहट में न आने की अपील, सरकार का दावा बुकिंग से अधिक हो रही डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली की जनता को आश्वस्त किया कि राजधानी में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर, पर्याप्त और नियंत्रण में है। दिल्ली में एलपीजी या किसी भी अन्य ईंधन की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में न आएं और संयम बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने घरेलू एलपीजी की स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल को 1 लाख 11 हजार 766 बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने मिलकर 1 लाख 30 हजार 94 सिलेंडरों की डिलीवरी की, जो बुकिंग से काफी अधिक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लंबित बुकिंग्स को तेजी से निपटाया जा रहा है और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनी हुई है। वर्तमान में औसत डिलीवरी समय करीब 4 दिन है, जो पहले के साढ़े चार दिनों से घटकर कम हुआ है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित हो रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली को प्रतिदिन 6 हजार 480 कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों (19 किलोग्राम समकक्ष) का आवंटन किया गया है। इसके मुकाबले पिछले एक सप्ताह में औसत दैनिक खपत केवल 4 हजार 268 सिलेंडर रही है, जिसमें 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की खपत भी शामिल है।

यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वर्तमान में उपलब्धता मांग से अधिक है। रेखा गुप्ता ने सभी कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं, विशेषकर 5 किलोग्राम सिलेंडर उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनावश्यक चिंता या भंडारण से बचें। पूरे शहर में वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से कार्य कर रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

### धमकी भरा ईमेल मिलने पर विधानसभा अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा को सोमवार को फिर एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त होने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोल्छा को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में बताया है कि पिछले कुछ सप्ताहों से विधानसभा के आधिकारिक ईमेल आईडी और उनके व्यक्तिगत ईमेल आईडी पर लगातार धमकी भरे ईमेल प्राप्त हो रहे हैं। इन ईमेलों में विधानसभा भवन में बम लगाए जाने तथा निर्धारित समय के भीतर विस्फोट करने की बातें कही गई हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि सोमवार सुबह 11:12 बजे आधिकारिक ईमेल आईडी पर तथा एक अन्य ईमेल पते से भी ऐसा ही एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें विधानसभा परिसर के अंदर विस्फोटक उपयोग किए जाने के संबंध में गंभीर दावे किए गए हैं। यह मामला पूर्व में भी जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जा चुका है, किंतु इस प्रकार के ईमेल बार-बार प्राप्त होने से न केवल संस्था के सुचारु संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि कर्मचारियों में भय का वातावरण भी बन रहा है। गुप्ता ने अपने पत्र में कहा कि दिल्ली विधानसभा एक अत्यंत महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्था है और इस पर किसी भी प्रकार का खतरा अत्यंत गंभीर विषय है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी खतरा है। अध्यक्ष एवं विधानसभा के प्रमुख के रूप में उन्होंने इन ईमेलों के स्रोत का पता लगाने, दोषियों को कानून के दायरे में लाने तथा किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु विधानसभा परिसर एवं उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल सुदृढ़ करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## अंत्योदय और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहकारिता की अहम भूमिका : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अंत्योदय और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहकारिता की अहम भूमिका है। यह बात सोमवार को दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित 'दिल्ली राज्य हेतु प्रथम ऋण संगोष्ठी' में कही।

इस संगोष्ठी विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ एवं हितधारक उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दौरान राज्य फोकस पेपर 2026-27 का विमोचन, जीआई पंजीकरण हेतु चयनित उत्पादों के लिए स्वीकृति पत्र वितरण, कारीगरों के उत्पादों के डिजिटल कैटलॉग का शुभारंभ तथा वित्तीय साक्षरता एवं कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पहलों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री इंद्राज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में उपलब्ध कच्चा माल और हमारे उत्पाद विश्व स्तर के हैं। सरकार निरंतर प्रयास कर रही है कि उचित मार्केटिंग, ब्रांडिंग और प्लेटफार्म के माध्यम से इन उत्पादों को वह पहचान दिलाई जाए, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जो कपड़ा हमारे देश में सामान्य रूप से उपलब्ध है वही विदेशों में 'लिनन' के रूप में ऊँचे दामों पर बेचा जाता है। यह दर्शाता है कि प्रभावी ब्रांडिंग और प्रस्तुति के माध्यम से हमारे उत्पादों की वैश्विक पहचान और मूल्य दोनों को बढ़ाया जा सकता है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि सरकार स्वदेशी उत्पादों को सही मंच, व्यापक प्रचार और सशक्त ब्रांडिंग उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकें।

### न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# राजधानी में सूरज दिखाने लगा कड़े तेवर, पारा पहुंचा 37 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




अप्रैल के पहले सप्ताह तक ठंडा ठंडा कूल कूल मौसम का आनंद उठाने वाले दिल्ली वालों के लिए अब सूरज के कड़े तेवर परेशानी का सबब बनने लगे है। हालात यह है कि सोमवार को सूरज के बदले मिजाज के बाद राजधानी के रिज एरिया में अधिकतम तापमान बढ़कर 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

जबकि समग्र दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार इसके अलावा रिज एरिया में अणिकतम तापमान रहा 37 डिग्री सेल्सियस, लोदी रोड में 36.1 डिग्री, पालम में 35 डिग्री, आया नगर में 36. डिग्री, पूसा में 35 डिग्री, नजफगढ़ में 35 डिग्री, मुंगेशपुर में 34.5 और मयूर विहार में 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि मंगलवार को तापमान बढ़कर 37-38 डिग्री के बीच पहुंच सकता है। जबकि इससे अगले चार पांच दिन तक लगातार इसमें बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी और शनिवार यह आंकड़ा 40 डिग्री को पार कर सकता है। वहीं निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के ने अनुमान बताते हुए कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर में बढ़ेगी गर्मी की तपिश जिससे वीकेंड तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार कर सकता है। कंपनी ने कहा कि अप्रैल की शुरुआत में दिल्ली का मौसम सामान्य से ठंडा चलता रहा है। अब अगले 3 दिनों में तापमान 38 पार करने की संभावना के अलावा वीकेंड पर 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### सांसद ने किया बदरपुर में 11 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

**नई दिल्ली**। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में 11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत की। इससे क्षेत्र में सड़कों, नालों और पार्कों का विकास किया जाएगा। सांसद ने बताया कि बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के जैतपुर रोड, मोलडबंद स्कूल रोड और मीठापुर में जलभराव की समस्या लोगों की परेशानी का कारण बन रही है। इसलिए मंत्री प्रवेश साहिब सिंह इन इलाकों का अधिकारियों के साथ दौरा करने वाले हैं ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान हो सके।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **हिमांशु, पुत्रः** मुकेश, **पताः** मकान नं. 610, वीपीओ– लाडपुर मोहल्ला, बृहन् पन्ना, दिल्ली **FIR No. 162/2021, U/s: 33/58 Delhi Excise Act. पुलिस थानाः अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु, FIR No. 162/2021, U/s: 33/58 Delhi Excise Act. पुलिस थानाः अमन विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शगुन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
उत्तर पश्चिम कोर्ट नं.109, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4639/RD/2026
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में तीन वर्षो तक टैंकरों के माध्यम से एनआरसीएच को पीने योग्य पानी की आपूर्ति। | रु. 50,99,723.64 | रु. 1,02,000/– | 36 माह | 05.05.2026 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर **05.05.2026, 15:00 बजे** तक ही भरी जायेगी।

पत्र सं.: 128-W-269-O.E.T.-01-26-27-NRCH दिनांक: 13.04.2026 1239/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हत्या मामले में वांछित दो नाबालिग पकड़े

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अशोक विहार के पिकनिक हट पार्क में एक शख्स की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इन दोनों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई थी और अपराध करने के बाद से ही वे फरार थे। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार ने एक बयान में बताया कि अपराध शाखा की उत्तरी रेंज-एक की टीम को सूचना मिली थी कि भारत नगर थाने में दर्ज हत्या के मामले में वांछित दो संदिग्ध रविवार दोपहर करीब एक बजे अपने एक सहयोगी से पैसे लेने के लिए मुकरबा चौक फ्लाईओवर के पास आएंगे, जिसके बाद जाल बिछाकर दोनों को पकड़ लिया गया। उनके मुताबिक, पूछताछ के दौरान दोनों नाबालिगों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर हत्या की इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने खुलासा किया कि करीब दो महीने पहले इसी पार्क में लड़कों के एक समूह ने उनमें से एक के साथ मारपीट की थी, और उसे अपमानित किया था। डीसीपी ने बताया कि इसी का बदला लेने के लिए छह अप्रैल को दोनों ने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर पिकनिक हट पार्क में पीड़ित को पकड़ लिया। वे उसे झाड़ियों के पीछे खींच ले गए और उस पर हमला किया तथा चाकू घोंप कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में भारत नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने बताया कि उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए दोनों को अभिरक्षा में ले लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### पुलिस मुठभेड़ में हिमांशु भाऊ गिरोह के गुर्गे अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बपरोला इलाके में विशेष प्रकोष्ठ की 'काउंटर इंटेलिजेंस' टीम के साथ मुठभेड़ में हिमांशु भाऊ गिरोह के दो कथित सदस्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, आरोपी अतुल और दीपक को मुठभेड़ के दौरान गोली लगी जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि ये दोनों एक पुलिसकर्मी की हत्या और हाल में गुरुग्राम में एक कार पर हुई गोलीबारी की घटना में वांछित थे। सूत्र ने कहा कि उनके पास से एक पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया है।

# 'बुराड़ी की मुख्य 100 फुटा सड़क बुरी तरह जर्जर हालत में'

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- सीवर खोदने के नाम पर चल रहे कार्य से जगह-जगह गहरे गड्ढे, उबड़-खाबड़ सतह ने वाहन चालकों के लिए भयंकर जाम जैसी रोजमर्रा की मुश्किलें बढ़ाई

दिल्ली के बुराड़ी इलाके की जीवनरेखा मानी जाने वाली मुख्य 100 फुटा सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। सीवर खोदने के नाम पर चल रहे कार्य से सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, टूटा पेवमेंट और उबड़-खाबड़ सतह ने वाहन चालकों के लिए भयंकर जाम जैसी रोजमर्रा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भारी वाहनों के गुजरने से सड़क और भी खस्ताहाल होती जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। सुबह-शाम पैदल स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे , बच्चियो के अलावा बुर्जुग और महिलाओ की परेशानी के साथ साथ बसें, ऑफिस जाने वाले लोग और स्थानीय बाजार की गाड़ियां इस सड़क पर फंसकर घंटों जाम में फंस जाती हैं। इस विषय पर उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों को पत्रकार के माध्यम से समय समय पर शिकायत भेजते रहे करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि इस समस्या के साथ ही एमसीडीऔर पीडब्ल्यूडी के नालों की जाम की स्थिति ने हालात को और बदतर बना दिया है। बारिश के मौसम की तो छोड़िए बिना बारिश के मौसम में भी गलियों और सड़कों पर गंदा पानी भर जाता है। सड़क किनारे की गलियों में काला-हरा पानी जमा रहता है, जिससे बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। बच्चे स्कूल जाते वक्त इस गंदे पानी से गुजरने को मजबूर हैं। बुजुर्गों और महिलाओं के लिए तो यह रोजाना की चुनौती बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों में जमा कचरा, सिल्ट और प्लास्टिक के कारण पानी का निकास रुक गया है। एमसीडीऔर पीडब्ल्यूडी के बीच जिम्मेदारी टालने की संस्कृति ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।आदेश ने आगे बताया कि मैं कई बार उपराज्यपाल जी, मुख्यमंत्री जी के अलावा संबंधित को भी इस विषय पर अवगत करा चुका हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पत्र में सड़क की मरम्मत, नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग के साथ पत्र में तस्वीरें भी संलग्न की गई हैं, जिनमें सड़क की जर्जर स्थिति और गंदे पानी से भरी गलियों को साफ दिखाया गया था। लेकिन पत्र भेजे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दरअसल संतनगर, बंगाली कॉलोनी के पास से निकल रहे फ्लड डिपार्टमेंट के कादीपुर से आ रहे नाले की सफाई पिछले कई वर्षों से रुकी पड़ी है। उसी नाले में मेन रोड से आ रहे 4 फूटे पीडब्ल्यूडी के नाले गिरते हैं और इन्हीं नालों में गांव और कालोनियों से आने वाली एमसीडी की नालियां गिरती हैं। लेकिन फ्लड डिपार्टमेंट के नाले के जाम होने से कॉलोनियो से आने वाला गेंद पानी गलियों और मेन रोड पर बहता रहता है। उस पर मेन रोड पर चल रहा सीवर की खुदाई से निकल रही गाद और पानी जब पीडब्ल्यूडी के नाले से निकलकर मेन 100 फूटा रोड पर फैलता है तो उससे स्थिति और भयावह हो जाती है। आदेश ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और सरकार के सभी नुमाइंदों से अपील करते हाय कहा कि बुराड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों परिवार इस समस्या से सीधे प्रभावित हैं। यह सड़क न सिर्फ बुराड़ी को दिल्ली के अन्य हिस्सों से जोड़ती है, बल्कि आसपास के गांवों और कॉलोनियों का मुख्य मार्ग भी है। अतः इस समस्या पर ध्यान देना बहुत ही जरूरी है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत और नालों की सफाई नहीं हुई तो मानसून में हालात और बिगड़ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मयूर विहार में नाबालिग को चाकू मारा चार किशोरों को दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में एक नाबालिग लड़के को चाकू से हमला कर जख्मी करने के आरोप में चार किशोरों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी रविवार रात करीब नौ बजे लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल से मिली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची जहां पीड़ित को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था और बाद में उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह घटना मयूर विहार इलाके में रात करीब 8.30 बजे घटी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित लड़का अपने दोस्त के साथ था तभी चार नाबालिगों ने उसे रोका और चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चला है कि चाकूबाजी की यह घटना पुरानी दुश्मनी के कारण हुई है। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने और सबूत इकट्ठा करने के लिए एक अपराध दल को भी बुलाया गया। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना में शामिल चारों नाबालिगों को अभिरक्षा में ले लिया गया है तथा मामले की आगे जांच जारी है।

### ट्रक की चपेट में आने से लड़की की मौत, चालक अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में सड़क दुर्घटना में 11 साल की एक लड़की की मौत के मामले में एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मोहित दलाल (27) को रविवार रात पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी हरियाणा के झज्जर का निवासी है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय दलाल ही वह ट्रक चला रहा था, जिससे दुर्घटना हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला शनिवार रात पटेल नगर इलाके में हुई एक सड़क दुर्घटना से संबंधित है, जहां रात करीब 9.30 बजे शादीपुर डिपो के पास 11 वर्षीय लड़की को एक वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया था कि इस घटना में शामिल वाहन एक बस थी और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि हालांकि, गहन जांच से पता चला है कि वाहन एक ट्रक था। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है।

### कार में शराब पीने का विरोध करने पर ब्रिगेडियर व उनके बेटे पर हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत एन्क्लेव इलाके में कार में शराब पीने का विरोध करने पर भारतीय सेना के एक सेवारत ब्रिगेडियर और उनके बेटे पर कुछ लोगों ने कथित रूप से हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला शनिवार का है। सैन्य अधिकारी ने खड़ी कार के अंदर दो लोगों द्वारा शराब पीने पर आपत्ति जताई जिसके बाद बहस शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, आपत्ति जताने के बाद कुछ लोग मौके पर कथित तौर पर जमा हो गए और उन्होंने ब्रिगेडियर तथा उनके बेटे पर हमला कर दिया। इस बीच, कथित घटना पर भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, ₹भारतीय सेना ने मामले का गंभीर संज्ञान लिया है। सेना पुलिस के एक दल को अधिकारी की सहायता के लिए भेजा गया है। दिल्ली पुलिस से त्वरित जांच और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए संपर्क किया गया है।

### दिल्ली विधानसभा को मिली बम की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जिसके बाद कई सुरक्षा एजेंसियों के कर्मी तुरंत परिसर में पहुंच गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। विधानसभा अधिकारियों से सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, खोजी श्वान दस्ते और दमकल कर्मियों की टीमें परिसर पहुंचीं। सूत्रों के अनुसार, परिसर की गहन तलाशी ली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि ईमेल कहां से भेजा गया है इसकी जांच की जा रही है।

## मुक्केबाज की हत्या के मामले में भगोड़ा अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पुरानी दुश्मनी के चलते राष्ट्रीय राजधानी में एक मुक्केबाज की हत्या के सिलसिले में एक भगोड़े अपराधी और कथित शूटर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान विकास दहिया (42) के रूप में हुई है, जो हरियाणा के सोनीपत जिले का निवासी है और उसे चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह मामला दिल्ली के सुरखपुर गांव में मुक्केबाज विकास डागर उर्फ भिंडा की सुनियोजित हत्या से संबंधित है। पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹यह हत्या पीड़ित और आरोपी के बीच चल रही दुश्मनी और विवाद का नतीजा थी। दहिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर डागर की हत्या की साजिश रची। 30 जुलाई, 2025 को आरोपी पीड़ित की गतिविधियों पर नजर रखते हुए सुनियोजित तरीके से मौके पर पहुंचे और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।₹ पुलिस ने बताया कि दहिया ₹मुख्य हमलावर₹ था और उसने लक्ष्य की पहचान करते ही करीब से कई गोलियां चलाईं। उसके साथियों ने साजिश को अंजाम देने में कथित तौर पर मदद की और हमले के बाद बच निकलने के मार्ग को सुनिश्चित किया। पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बाबा हरिदास नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था।



## खबर संक्षेप

### उपायुक्त ने बस स्टैंड क्षेत्र का किया दौरा

**बल्लभगढ़।** पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने सोमवार 13 अप्रैल को बल्लभगढ़ बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र का



दौरा कर ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने तथा आसपास के क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये उपस्थित पुलिस कर्मचारियों से विचार विमर्श किया तथा ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### क्यू आर कोड स्कैन कर दे सकेंगे फीडबैक

**फरीदाबाद।** पुलिस के कार्यों में सुधार व पारदर्शिता के लिए समय-समय पर उचित कदम उठाए जाते रहे हैं। अब शिकायतकर्ता, आगंतुक




अपनी शिकायत, कार्य के संबंध में पुलिस थाना, चौकी, अधिकारियों के कार्यालय में लगाये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना फीडबैक दर्ज करा सकते हैं। हरियाणा पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं, आगंतुकों की सुविधा के लिये यह सेवा शुरू की गई है।

### मोहसिना किदवई को दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कार्यालय सेंट्रल मार्केट पुराना बस



अड्डा में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित सैकड़ों नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर किया स्मरण, व्यक्तित्व व कृतित्व को किया नमन जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक भावुक सभा का आयोजन किया गया।

## सड़कों पर जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

# साहिबाबाद आरडब्ल्यूए महासंघ ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, नारकीय जीवन से दिलाओ निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

साहिबाबाद आरडब्ल्यूए महासंघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि वह नगर निगम के अधिकारियों को साहिबाबाद क्षेत्र की समस्यायों का निस्तारण कराएं, ताकि उन्हें नारकीय जीवन से निजात मिल सके। आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने सोमवार को शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया। दौरे में पाया गया कि सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। क्षेत्र के अधिकांश नाले गंदगी से अटे पड़े हैं और कई जगह टूटे हुए हैं। नगर निगम द्वारा क्षेत्र की लगातार उपेक्षा के कारण हालात बद से बदतर हो गए हैं। यहां रहना दूभर हो गया है।



### मुख्य समस्याएँ जो गिनाई गई इस प्रकार है

- **नाले और जलभराव:** टूटे और गंदगी से भरे नालों की मरम्मत व सफाई मई माह तक हर हाल में पूरी होनी चाहिए। नगर निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जुलाई में बरसात आते ही लोगों के घरों और सड़कों पर पानी भर जाएगा, जैसा हर साल होता है।
- **स्वच्छता सर्वेक्षण की अनदेखी:** प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान और सफाई सर्वेक्षणों की नगर निगम गाजियाबाद लगातार धज्जियाँ उड़ा रहा है। पूरा क्षेत्र गंदगी के ढेर पर है।
- **पार्कों की बदहाली:** क्षेत्र के ज्यादातर पार्कों की स्थिति बेहद खराब है। रखरखाव के अभाव में पार्क बेकार पड़े हैं।
- **पेयजल संकट:** क्षेत्र में साफ पीने के पानी की भारी समस्या है। महासंघ गंगा वॉटर के लिए केंद्र व राज्य सरकार को लगातार पत्र लिख रहा है। मुख्यमंत्री जी के नाम हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है।
- **हाउस टैक्स में बढ़ोतरी:** सुविधाओं के नाम पर शून्य, लेकिन नगर निगम गाजियाबाद बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वसूलने पर उतारू है।
- महासंघ के संयोजक प्रमोद राणा और सदस्य नंदकिशोर लोधी, वीरेंद्र कुमार, पवन कुमार, विपिन तलवार, दमन लाल जैन, प्रीति सिंह, सुजीत कुमार ,प्रदीप मित्तल ने क्षेत्र में टीम में शामिल थे।

## फरीदाबाद में ट्रैफिक प्रभावित होने से राहगीर हुए परेशान

# सैलरी बढ़ाने को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन, मदरसन कंपनी के बाहर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मानेसर, नोएड़ा व मध्यप्रदेश में सैलरी बढ़ाने को लेकर शुरू हुआ कर्मचारियों का विरोध अब फरीदाबाद तक भी पहुंच गया है। फरीदाबाद के सेक्टर-37 स्थित मदरसन कंपनी में सोमवार को कर्मचारियों ने सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सोमवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी कंपनी के बाहर इकटठा हो गए और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को उठाया।



कर्मचारियों का कहना है कि पिछले काफी समय से उनकी सैलरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी में काम का दबाव पहले से ज्यादा बढ़ा दिया गया है, लेकिन उसके अनुसार सैलरी और अन्य सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा सैलरी में परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सिर्फ मदरसन कंपनी ही नहीं, बल्कि सेक्टर-37 और आसपास की अन्य कंपनियों के कर्मचारी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारियों ने सैलरी वृद्धि और बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आसपास के इलाके में कुछ समय के लिए ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने पहले भी कई बार कंपनी प्रबंधन से बातचीत कर अपनी समस्याओं को रखा और सैलरी बढ़ाने की मांग की, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## कम बिजली में होगी दमदार कूलिंग

# बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और पत्रलेखा ने किया केनस्टार का कैंपेन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बिजली की बचत और कूलिंग के मामले में केनस्टार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने भारत के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर लॉन्च किए हैं। बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और पत्रलेखा ने केनस्टार का कैंपेन शुरू किया है। जिनके जरिए लोगों को भारत का पहला 5-स्टार और 5 साल की वारंटी का मैसेज बहुत ही आसान और दिलचस्प तरीके से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

लॉन्च के मौके पर केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा कि हमारे लिए इनोवेशन का मतलब सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है। हमारी नई रेंज में बेहतरीन परफॉरमेंस, बिजली की सबसे ज्यादा बचत और लंबे समय का भरोसा सब एक साथ मिलता है। केनस्टार के ब्रांड एंबेसडर राजकुमार राव ने कहा कि केनस्टार हमेशा से भरोसे का नाम रहा है। यह रेंज सिर्फ एक विज्ञापन नहीं, बल्कि एक वादा है जो बिजली की बचत और लंबे समय तक चलने वाले भरोसे के जरिए भारतीय परिवारों को असली फायदा पहुंचाता है। वहीं अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर पत्रलेखा ने कहा कि केनस्टार की सबसे अच्छी बात वो भरोसा है जो इन्होंने सालों में कमाया है। इनके प्रोडक्ट्स आज के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं बेहतर परफॉरमेंस के साथ मन की शांति।

# सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ जी भक्ति परिवार का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

### शिव शक्ति जागरण मंडली द्वारा बाबा के भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ जी भक्ति परिवार द्वारा पहला वार्षिक महोत्सव का आयोजन प्याली चौक स्थित कुमाऊं सांस्कृतिक मंडल प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति जागरण मंडली द्वारा बाबा के भजन-कीर्तन द्वारा गुणगान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक



गोविन्द सिंह बिष्ट ने आए हुए सभी अतिथियों व भक्तजनों का स्वागत फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। गोविन्द सिंह बिष्ट ने कहा कि बताया कि सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ का धाम हिमाचल में है, जहां फरीदाबाद से हजारों श्रद्धालु बसों, कारों व अन्य वाहनों जाकर दर्शन करते है और जो श्रद्धालु वहां नहीं आ सकता है। वह इस तरह के कार्यक्रम में आकर बाबा का गुणगान कर सकता है। इस अवसर पर गुरू राधेश्याम चौहान, आल इंडिया टैक्स लायर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एडवोकेट संदीप सेठी, परविन्दर राजपाल, दीपक गेरा एडवोकेट, सुनील धीमान, अंकुश शर्मा आदि।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **अर्जुन, पुत्रः राम सेवक, निवासीः मकान नंबर 74, कैंप नंबर 5, ज्वालापुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्व **FIR No.316/2019 U/S 12/9/55 G. ACT** के तहत यह मामला **थाना पश्चिम विहार पश्चिम, बाहरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **अर्जुन** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अर्जुन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.316/2019 U/S 12/9/55 G. ACT थाना पश्चिम विहार पश्चिम, बाहरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **अर्जुन**, को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 16.05.2026.** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री अंकित करण सिंह,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08, (पश्चिम),
कमरा नंबर–30, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4722/OD/2026**
(अदालती मामला)


## मंडियों में अब तक लगभग 39.65 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई

# अन्नदाता का हक नहीं मार पाएंगे बिचौलिए: राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सूझबूझ के कारण आज बिचौलिए हमारे अन्नदाता का हक नहीं मार पा रहे हैं। हमने सीएम की अगुवाई में मंडियों की खरीद-फरोख्त व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर बिचौलियों की संभावना को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की मंडियों में रबी फसल की सफलतापूर्वक खरीद हो रही है और अब तक मंडियों में करीब 39.65 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें करीब 2.44 लाख किसानों के 30.90 लाख मीट्रिक टन गेहूं का बायोमेट्रिक सत्यापन होने के उपरांत 10.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद भी हो गई और करीब 188 करोड़ रुपए की राशि किसानों के बैंक खाते में सीधे पहुंच भी गई है।



उन्होंने बताया कि राज्य में रबी खरीद सीजन 2026-27 के दौरान सरसों की खरीद 28 मार्च 2026 एवं गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से आरम्भ हो चुकी है। भारत सरकार द्वारा सरसों एवं गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 6200 और 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके तहत सरसों की खरीद के लिए 112 मंडियों अथवा खरीद केंद्रों और गेहूं की खरीद के लिए 416 मंडियों अथवा खरीद केंद्रों सहित 264 अतिरिक्त खरीद स्थानों पर भी फसल की खरीद जारी है। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि राज्य में सरसों की खरीद हैफेड एवं गेहूं की खरीद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा की जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्नों की खरीद प्रक्रिया को ओर अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शिता बढ़ाने हेतु नए प्रावधान किए गए जिसमें किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन, वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, मंडियों, खरीद केंद्रों की जियो फेंसिंग, कैमरे आदि की व्यवस्था की गई। जिससे किसानों के समय की बचत हो रही है वहीं अन्नदाता के हक में सेंध लगाने की हर संभावना को खत्म कर दिया गया है। खाद्य मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष रबी खरीद सीजन 2025-2026 के दौरान 12 अप्रैल 2025 तक राज्य भर की मंडियों में लगभग 20.39 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी और लगभग 10.47 लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई थी और 174.39 करोड़ राशि का भुगतान किसानों की किया गया था।

## कलाकार तय करेगा कि संगीत कैसा हो: सामेर अंजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

देश की पहली इंटीग्रेटेड क्रिएटर-फर्स्ट कंपनी समर्या क्रिएशन ने औमोरा म्यूजिक के आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की। जिसके संस्थापक पार्टनर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी गीतकार सामेर अंजान ने कहा कि यह महज़ एक म्यूजिक लेबल नहीं है। यह उस सोच का जवाब है जो आज तक भारतीय संगीत में गायब थी। चार दशकों में 640 से ज़्यादा हिंदी फिल्मों के लिए 4,500 से अधिक गाने लिखने वाले औमोरा म्यूजिक के निर्माता सामेर अंजान ने बताया कि औमोरा म्यूजिक पहले से ही 150 से ज्यादा प्लेटफॉर्म्स पर 19 ट्रैक्स के साथ लाइव है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरेंद्र कामती पुत्र मोहन कामती निवासी बी–373, जेजे कॉलोनी, सूरज पार्क, बादली, दिल्ली** ने **FIR No. 238/2019 U/S 279/338 IPC 3/181/146/196 M.V Act, अन्तर्गत थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र कामती** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र कामती** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 238/2019 U/S 279/338 IPC 3/181/146/196 M.V Act, अन्तर्गत थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र कामती** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री रंगत धिर्रा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
(केंद्रीय), न्यायालय रूम संख्या 37
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4776/N/2026(Court Matter)**


### बुकिंग कलेक्शन मामले में जीपीएल का सर्वोच्च प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में बुकिंग मूल्य, कलेक्शन, ऑपरेटिंग कैश फ्लो और बिजऩेस डेवलपमेंट के मामले में अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एमडी और सीईओ गौरव पांडे ने कहा कि गोदरेज प्रॉपर्टीज ने अब तक की सबसे अधिक तिमाही और पूरे वर्ष की बुकिंग दर्ज की है। पिछले दो वित्तीय वर्षों में हमने 15,000 करोड़ रुपए से अधिक का संयुक्त परिचालन नकदी प्रवाह अर्जित किया है, जिससे हम विकास के लिए निवेश करने के साथ-साथ अपनी बैलेंस शीट को भी मजबूत कर पा रहे हैं। हम डिजाइन, निर्माण गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी, स्थिरता और नवाचार में उत्कृष्टता के माध्यम से वित्त वर्ष 2027 में इस गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में जीपीएल का बुकिंग मूल्य अब तक का सबसे उच्च त्रैमासिक बुकिंग रहा, जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बराबर था।

## महापौर ने अधिकारियों के साथ बैठक की

# महापौर ने दिए मोहन नगर ज़ोन में सीवर लाईन डालने के कार्य मे तेजी के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



मोहन नगर ज़ोन में जल निगम द्वारा चल रहे सीवर लाईन डालने के कार्य नई समीक्षा के लिए महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की । जिसमे जी एम जल के पी आंनद, सहायक अभियंता शेषमणि यादव,अवर अभियंता सोमेन्द्र तोमर व अवर अभियंता जल उपस्थित रहे।

मोहन नगर में सीवर लाइन डालने का कार्य बहुत बड़े योजना के अंतर्गत किया जा रहा है जिसमें करहैड़ा, अर्थला, भोपुरा,पसौन्डा लगभग 10 वार्डो का कार्य पूर्ण हो चुका है और इन वार्डो में जनता के लिए 7 हज़ार फ्री सीवर कनेक्शन भी किये जा चुके हैं एवं 53 हज़ार कनेक्शन इस जॉन में ओर दिए जाएंगे। उपरोक्त कार्य के लिए 400 एमएम से लेकर 1600 एमएम की लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे डिडब्लूसी आरसीसी व एमएस के पाइप का भी प्रयोग किया जा रहा है जिनसे लम्बे समय तक के लिए राहत मिलेगी। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि कार्य की गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण कर ध्यान रखा जाए साथ ही जो मैन हाल हैं वह मजबूत होने चाहिए। सीवर लाईन डालने के बाद लगातार छिड़काव किया जाना है जिससे मिट्टी साथ-साथ दबती रहे और प्रदूषण में रोक लगी रहे। जिन 10 वार्डो में लाईन डालकर कनेक्शन कर दिए गए है उन सभी स्थानों पर सड़क बनाने की कार्यवाही की जाए जिससे जनता हो साथ साथ राहत भी मिलती रहे और यह एक बड़ी योजना है जिसको हमारी सरकार ने मोहन नगर ज़ोन की जनता के लिए दिया है व इस योजना में 60 हज़ार सीवर कनेक्शन में फ्री दिए जाएंगे जिसमे से 7 हज़ार फ्री कनेक्शन दिए जा चुके हैं।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिला हरियाणा में सुभाष स्टेडियम सोनीपत में मिट्टी भराई कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 54.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | सोलर पैनल गांव (बलाली) की स्थापना। | 07.04.2026 15.04.2026 | 16.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | वीएजीवाई टिगराना - गांव टिगराना ब्लॉक व जिला भिवानी में सरशाद ब्राह्मण चौपाल हॉल का निर्माण + 15 कार्य। | 09.04.2026 15.04.2026 | 215.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलाली में शहीद स्मारक का निर्माण (स्कीम-पीएस)। | 07.04.2026 15.04.2026 | 23.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | वर्ष 2026-27 के लिए आरडी 0 से 27500 तक कुलासी लिंक ड्रेन की आंतरिक सफाई + 1 कार्य। | 11.04.2026 20.04.2026 | 32.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-29841 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | काहनौर लिंक ड्रेन आरडी 0 से 3000 तक और भुतियां माइनर टेल से ड्रेन नं. 8 की आंतरिक सफाई और किनारा सफाई + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.04.2026 | 51.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | डीआरबी आरडी 153200 जेएलएन फीडर पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना + 6 कार्य। | 10.04.2026 16.04.2026 | 50.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | अधीक्षण अभियंता, वाईडब्ल्यूएस सर्कल, रोहतक के कार्यालय हेतु अपेक्षित विविध फर्नीचर मदें। | 10.04.2026 16.04.2026 | ईएमडी 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 9 | सिविल सर्जन भिवानी | बैटरी (इनवर्टर, इनवर्टर बैटरी, वाहन बैटरी इत्यादि) की खरीद के लिए ई-निविदा। | 15.04.2026 05.05.2026 | ईएमडी 6000 | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन भिवानी | आईईसी मैटीरियल प्रिंट, मीडिया मदों और अन्य मदों के लिए ई-निविदा। | 15.04.2026 05.05.2026 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 11 | सिविल सर्जन भिवानी | स्टेशनरी मदों के लिए ई-निविदा। | 15.04.2026 05.05.2026 | ईएमडी 12000 | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 12 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | ड्रग्स / इंजक्शन / कंज्यूमेबल्स / दंत मदों / इम्प्लांट्स / रीजेंट्स इत्यादि की आपूर्ति। | 13.04.2026 27.04.2026 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268 dhs.csfbd@hry.nic.in |
| 13 | जिला परिषद सोनीपत | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 45 अदद जल टैंकरों की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 21.04.2026 | 89.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2027/260/44652/I/88/7 दि. 13.04.26

सत्यमेव जयते




# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

## ₹12,000 करोड़ की लागत से निर्मित
## दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड को जोड़ने वाले

# दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

(213 किमी लंबा, 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित हाईस्पीड कॉरिडोर)

**का उद्घाटन**

दिनांक : 14 अप्रैल, 2026 | समय : 11.00 बजे (प्रात:) | स्थान : जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, देहरादून

### लाभ

- दिल्ली–यूपी–उत्तराखंड को जोड़ेगा तेज़ मल्टी-लेन कॉरिडोर
- चार धाम, ऋषिकेश, हरिद्वार और मसूरी तक आसान पहुँच, पर्यटन को नई ऊर्जा
- बागपत, शामली और सहारनपुर में औद्योगिक विकास, रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे
- सहारनपुर की लकड़ी नक्काशी और मुज़फ्फरनगर के कागज़ उद्योग को बढ़ावा
- कृषि उत्पादों की तेज़ आवाजाही, किसानों की आय में बढ़ोतरी
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली को जाम से राहत मिलेगी
- आईएसबीटी-रिंग रोड एवं दिल्ली-मेरठ-देहरादून मार्ग पर ट्रैफिक दबाव घटेगा
- स्वास्थ्य, शिक्षा केंद्रों तक तेज़ पहुँच, जीवन स्तर में सुधार
- सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति
- एशिया के सबसे बड़े वन्यजीव कॉरिडोर में से एक, पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले. ज. गुरमीत सिंह (से०नि०)**
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**अजय टम्टा**
राज्यमंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**हर्ष मल्होत्रा**
राज्यमंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग,
तथा कॉर्पोरेट मामले

**जयंत चौधरी**
कौशल विकास और
उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**तरनजीत सिंह संधू**
लेफ्टिनेन्ट गवर्नर, दिल्ली

**रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री, दिल्ली

**त्रिवेंद्र सिंह रावत**
सांसद, हरिद्वार

**अतुल गर्ग**
सांसद, गाज़ियाबाद

**मनोज तिवारी**
सांसद, उत्तर-पूर्वी दिल्ली

**महेंद्र भट्ट**
सांसद, राज्यसभा

**नरेश बंसल**
सांसद, राज्यसभा

**डा. कल्पना सैनी**
सांसद, राज्यसभा

**अनिल बलूनी**
सांसद, गढ़वाल

**अजय भट्ट**
सांसद, नैनीताल

**माला राज्य लक्ष्मी शाह**
सांसद, टिहरी गढ़वाल

**हरेंद्र सिंह मलिक**
सांसद, मुजफ्फरनगर

**इमरान मसूद**
सांसद, सहारनपुर

**इकरा चौधरी**
सांसद, कैराना

**डॉ. राजकुमार सांगवान**
सांसद, बागपत

CBC 37107/13/0002/2627

DD NEWS पर सीधा प्रसारण देखें

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी।

हरिभूमि
# सहेली



स्पेशल : वर्ल्ड आर्ट-डे, 15 अप्रैल

# रंगों-रेखाओं से खिलता है बचपन

अगर बच्चे रेखाओं के माध्यम से कोई आकृति बनाते हैं, उसमें रंग भरते हैं, मनमोहक चित्र सृजित करते हैं या कोई सुंदर-सा क्राफ्ट वर्क करते हैं तो उन्हें रोकें-टोकें नहीं, बच्चे को प्रोत्साहित करें। यह उनकी ऐसी अभिव्यक्ति है, जिससे बच्चों की रचनात्मकता तो बढ़ती ही है, उनका व्यक्तित्व भी निखरता-खिलता है।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते कुछ बरसों में बचपन के बहुत से रंग पढ़ाई के बोझ तले दबते जा रहे हैं। जबकि एकेडेमिक फ्रंट पर अच्छा परफॉर्म करने के साथ ही, बालमन के अहसासों की अभिव्यक्ति भी बहुत जरूरी है। समझना मुश्किल नहीं कि एक्सप्रेसिव होने के लिए कोई न कोई माध्यम चाहिए। आर्ट एंड क्राफ्ट बच्चों के मनोरंजन, मनोभावों के एक्सप्रेशन का एक अच्छा माध्यम है, साथ ही यह बच्चों को वर्चुअल दुनिया से दूर करके उन्हें रचनात्मक बनाकर सकारात्मक तरीके से व्यस्त रखने का एक सुंदर तरीका है। इसीलिए उम्र के एक पड़ाव पर बच्चों का सहज रूप से कोई ना कोई कलात्मक एक्टिविटीज करना जरूरी है। पैरेंट्स को भी बच्चों को आर्ट की दुनिया से जोड़कर रखने का प्रयास करना चाहिए। इससे बच्चे का व्यक्तित्व संवरता और निखरता है।

## कला से अभिव्यक्त होते एहसास

रंग, रेखाएं, आकार, कोई खास स्टाइल, बालमन में बसी कोई बनावट, ये सब मात्र कागज पर रंगीन कलम-पेंसिल से की गई कलात्मकता भर नहीं हैं। असल में देखा जाए तो यह बच्चों के मन की शब्दावली है। उनके भावों की अभिव्यक्ति है। बच्चों द्वारा उकेरी गई कोई भी कलाकृति उनके दुनिया को देखने के नजरिए को दर्शाती है। जिन भावनाओं और कल्पनाओं को शब्द नहीं दिए जा सकते, आर्ट एंड क्राफ्ट के जरिए बच्चे उन्हें रचनात्मक ढंग से एक्स्प्रेस कर सकते हैं। इससे बच्चे को कुछ नया भी एक्सप्लोर करने का अवसर मिलता है। अपनी सोच के मुताबिक वे कुछ विशेष रचते हैं। बच्चे लीक से हटकर सोचने और उसे धरातल पर उतारने की सोच से जुड़ते हैं। उनके मोटर स्किल्स निखरते हैं। यही वजह है कि आर्ट के माध्यम से अभिव्यक्त होते एहसास केवल मासूमियत के रंग भर नहीं होते, ये रंग और रेखाएं बच्चों की सोच-समझ को दिशा भी देते हैं।



## बच्चों की मन:स्थिति को समझें

अच्छे स्वास्थ्य और सकारात्मक व्यस्तता के लिए बहुत आवश्यक है कि बच्चे कुछ समय रंगों और रेखाओं की दुनिया में भी बिताएं। विशेषज्ञ मानते हैं कि पेंटिंग-ड्राइंग बच्चों के लिए अपनी खुशी, भय, गुस्से या किसी तरह की शिकायत को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने का माध्यम भी होते हैं। बच्चों की कलाकारी के मासूम रंग कई बार उनकी बिखरती मन:स्थिति से भी मिलवाते हैं। कुछ समय पहले नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स द्वारा यौन हिंसा के शिकार बच्चों का पता लगाने के लिए एक नई पहल भी यही बात कहती है। बाल आयोग के मुताबिक बच्चों के सेक्सुअल हेरेसमेंट का पता लगाने के लिए आर्ट सबसे बेहतरीन माध्यम है। ड्राइंग या पेंटिंग के जरिए न केवल बच्चे खुलकर अपनी बात कह पाते हैं बल्कि उनके दर्द को समझा भी जा सकता है। आमतौर पर शोषण के शिकार बच्चे अपनी बात कहने में डरते हैं। किसी के आगे अपना मन नहीं खोलते। यही वजह है कि आयोग द्वारा 'असेसमेंट ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल वॉयलेंस विथ द हेल्प ऑफ ड्राइंग' के लिए ड्राफ्ट रिपोर्ट भी जारी की गई। इस रिपोर्ट को एम्स के डिपार्टमेंट ऑफ साइकिएट्री की मदद से बनाया गया है, रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्राइंग, बच्चों से बातचीत शुरू करने का सही माध्यम है। जरूरी है पैरेंट्स भी बच्चों की कलात्मकता में छिपे मनोभावों को समझें। यह उनकी सुरक्षा से जुड़ा पहलू तो है ही, उनके मन को समझने का एक प्यारा-सा जरिया भी है।



### बच्चे की रुचि-रुझान को जानें-समझें

**पैरेंट्स को** इस क्षेत्र में अपने बच्चों के रुचि-रुझान को गंभीरता से देखने-समझने का भी प्रयास करना चाहिए। सचमुच दिलचस्पी हो तो बचपन में भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनी आर्ट, आगे चलकर बच्चे को आर्ट की दुनिया में अपना भविष्य बनाने की राह बना सकते हैं। इसीलिए बच्चों के आर्ट-क्राफ्ट से जुड़े कामों की प्रशंसा अवश्य करें। स्केचिंग, पेंटिंग, स्कल्प्चर मेकिंग या क्ले, ये सब जब बच्चे मन से करें तो उनकी रुचि को देखते हुए इससे जुड़े सामान लाकर देकर उन्हें प्रोत्साहित करें। अपने परिवार में उनकी रुचि की चर्चा कर प्रेरणादायी परिवेश बनाएं। बचपन की रंगीन यादों को सहेजने के लिए उनके बनाए आर्ट वर्क को फ्रेम करवाकर घर में लगाएं। बच्चों के कमरे की सजावट के लिए उनके ही बनाए चित्र लगाना भी एक अच्छी पहल होगी। जरूरी यह भी है कि पैरेंट्स उनके क्रिएटिव एक्सप्रेशन की उपेक्षा करने के बजाय, इससे जुड़ी जानकारियां उनसे साझा करें। आज की वर्चुअल व्यस्तता में बच्चों को आर्ट एग्जीबिशन में ले जाने जैसी एक्टिविटी बच्चों की रुचि को समझने में हेल्प करेगी। साथ ही पार्क, चिड़ियाघर, प्राकृतिक स्थल और म्यूजियम जैसी जगहों पर भी बच्चे बहुत मन से चीजें देखते हैं। ज्यादातर बच्चे जानवरों और मौसम के रंगों को देखते हैं। इन्हें वे अपनी आर्ट में ढालने में भी रुचि लेते हैं।

# तारीफ करना भी एक कला है

अगर कोई अच्छा काम कर रहा है तो उसकी तारीफ हमें जरूर करनी चाहिए, इसका इंसान पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब हम तारीफ सही ढंग से करेंगे। तारीफ कैसे की जाए, इसके क्या फायदे हैं, जानिए।

सलीका

शिखर चंद जैन



तारीफ करना वैसे तो एक सामान्य-सी आदत है, लेकिन इसका सही समय पर ढंग से इस्तेमाल किया जाए तो यह सामने वाले का आत्मविश्वास बढ़ा सकती है, रिश्ते मजबूत कर सकती है। इतना ही नहीं तारीफ वर्किंग प्लेस की प्रोडक्टिविटी में भी इजाफा कर सकती है। डेल कार्नेगी से लेकर रॉबर्ट सियाल्डिनी जैसे दिग्गजों ने अपनी बेस्टसेलर किताबों में तारीफ को रिश्ते मजबूत करने का सबसे कारगर तरीका बताया है। लेकिन इसमें बनावट, व्यंग्य या चापलूसी दिखाई दे तो इसका असर उल्टा भी हो सकता है। इसलिए तारीफ करना एक कला ही नहीं, मनोविज्ञान भी है।

**तारीफ का मनोवैज्ञानिक प्रभाव:** तारीफ इंसानी स्वभाव से जुड़ी एक बुनियादी जरूरत को पूरा करती है। यह जेनुइन रिकगनिशन यानी ईमानदार मान्यता है। इस पर पारस्परिकता का नियम यानी लॉ ऑफ रेसीप्रोसिटी भी लागू होता है। सोशल साइकोलॉजिस्ट रॉबर्ट सियाल्डिनी के अनुसार, 'जब आप किसी की तारीफ करते हैं, तो वह मनोवैज्ञानिक रूप से आपका साथ देने या आपको पसंद करने के लिए बाध्य महसूस करता है। तारीफ केवल शब्द नहीं है, सामने वाले के अस्तित्व को दी गई एक मान्यता है। हर इंसान को तारीफ की जरूरत होती है। अब्राहम मेस्लो का 'हायरार्की ऑफ नीड्स' सिद्धांत कहता है कि जब किसी को ईमानदारी से सराहा जाता है तो उसके अंदर 'सेल्फ-वैल्यू' की भावना उत्पन्न होती है, जो मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और प्रेरणा के लिए आवश्यक है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि अगर आप किसी की तारीफ कर रही हैं या तारीफ करना चाहती हैं तो इसके कुछ वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं को अवश्य ध्यान में रखें।

**स्पेसिफिक तारीफ करें:** किसी की तारीफ जनरेलाइज के बजाय स्पेसिफिक रहकर करें। 'आप अच्छा काम करते हैं' के बजाय इस तरह से कहकर तारीफ करें 'आपने रिपोर्ट में जो डेटा विजुअल्स डाले, वे वास्तव में बेहद असरदार थे।' ऐसा कहने का ज्यादा प्रभाव होगा।

**प्रयासों की सराहना करें:** माइंडसेट पुस्तक के लेखक कैरल ड्वेक के अनुसार, 'किसी की बुद्धि के बजाय उसके कठिन परिश्रम की तारीफ करने से वह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होता है।'

**सही मौके पर करें तारीफ:** तारीफ का प्रभाव तब ज्यादा होता है, जब वह किसी कार्य या घटना के तुरंत बाद की जाती है। देरी से की गई तारीफ का प्रभाव कम हो जाता है, भले ही वह कितनी भी ईमानदारी से क्यों न की गई हो।

**पीठ पीछे भी करें तारीफ:** जब आप किसी की अनुपस्थिति में उसकी सराहना करती हैं, तो जब वह बात उस तक पहुंचती है, उसका मूल्य दोगुना हो जाता है। इसके लिए आपको ऐसे लोगों के बीच तारीफ करनी होगी, जो उसके संपर्क में रहते हैं।

**बॉडी लैंग्वेज का रखें ध्यान:** तारीफ में बॉडी लैंग्वेज काफी महत्वपूर्ण होती है। आंखों में देखना, मुस्कुराना और सौम्य स्वर में प्रशंसा करने से सामने वाले को वास्तविकता का बोध होता है। यह तारीफ को प्रभावशाली बनाता है।

**पब्लिक में प्रशंसा:** सबके सामने की गई तारीफ व्यक्ति के सामाजिक सम्मान को बढ़ाती है, उसे आपके प्रति वफादार बनाती है।

### तारीफ करने-सुनने के फायदे

**प्रोडक्टिविटी में इजाफा:** गैलप के एक सर्वे के मुताबिक जिन कर्मचारियों को नियमित प्रशंसा मिलती है, वे 21 फीसदी अधिक प्रोडक्टिव होते हैं। वहीं हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू के अध्ययन के अनुसार सराहना पाने वाले कर्मचारियों में क्रिएटिविटी, टीमवर्क और एंप्लॉई सेटिस्फेक्शन का स्तर अधिक पाया गया।

**तनाव-अवसाद में कमी:** यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया की एक स्टडी में पाया गया कि प्रशंसा से एंग्जायटी और डिप्रेशन के स्तर में कमी आती है।

**रिश्तों में मिलती है मजबूती:** इंटरनेशनल सोशल साइंस जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार तारीफ से पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भरोसा और अपनापन बढ़ता है। जॉन गॉटमैन इंस्टीट्यूट की स्टडी कहती है कि ईमानदार प्रशंसा एक मजबूत भावनात्मक बैंक बैलेंस बनाने में मदद करती है, जिससे टकराव के समय भी रिश्तों में मजबूती बनी रहती है।

**डोपामाइन का संचार:** जब हमारी तारीफ होती है, तो मस्तिष्क में 'डोपामाइन' नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो हमें खुशी और संतुष्टि का अहसास कराता है। यह वही रिवॉर्ड सिस्टम है, जो खुशी प्रदान करती है।

बैसाखी एक ऐसा सांस्कृतिक पर्व है, जिसे पूरे देश में अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। कहीं इस पर्व को नववर्ष के रूप में मनाते हैं तो कहीं फसल तैयार होने के उल्लास के रूप में। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, धार्मिक आस्था और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश भी देता है।

# सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बैसाखी का पर्व

सांस्कृतिक पर्व

आर. सी. शर्मा



भारतीय समाज की संरचना जितनी मिश्रित है, उतनी ही खूबसूरत भी है। यहां धर्म, संस्कृति, भाषा और जीवनशैली की विविधताएं मिलकर एक अद्भुत ताना-बाना रचती हैं और इसी ताने-बाने को मजबूती देने में त्योहारों की इंद्रधनुषी भूमिका होती है। बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर सिख धर्म से जुड़ा है। 13 अप्रैल 1699 को इसी बैसाखी के दिन ही खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोविंद सिंह द्वारा की गई थी। इसलिए यह दिन सिखों के लिए बहुत महत्वपूर्ण और आत्म-गौरव का प्रतीक पर्व माना जाता है। इसे कई अन्य प्रदेशों में भी मनाया जाता है।

**कई रूपों में मनाते हैं पर्व:** बैसाखी के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग धार्मिक और सांस्कृतिक रूपों में नववर्ष का उल्लास देखने को मिलता है। इसी दिन पश्चिम बंगाल में पोइला बोइशाख यानी बंगाली नववर्ष भी मनाते हैं। इस दिन वहां सांस्कृतिक जुलूस, गीत, संगीत के आयोजन होते हैं। पारंपरिक नए परिधानों में सजे लोग पोइला बोइशाख धूमधाम से मनाते हैं। बंगाल में यह दिन व्यापारियों के लिए नया खाता खोलने का दिन भी माना जाता है। केरल और असम में भी क्रमशः विशु और बोहाग बिहू जैसे रंग-बिरंगे त्योहारों की छटा इसी अवसर पर बिखरती है। केरल में विशु पर्व, समृद्धि और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। बोहाग बिहू, असम का सबसे बड़ा पर्व खेती और नववर्ष दोनों का साझा उत्सव होता है, जिसमें लोकगीत और लोकनृत्यों की धूम होती है। बैसाखी के दिन जहां पंजाब, हरियाणा और समूचे उत्तर भारत में गुरुद्वारों में कीर्तन, लंगर का आयोजन होता है, वहीं तमिलनाडु में इस दिन पुथांडु यानी तमिल नववर्ष मनाया जाता है। इस तरह यह पर्व पूरे देश में विभिन्न रूपों में मनाते हैं।



असम में मनाते हैं बोहाग बिहू

**सिखों के लिए विशेष महत्व:** निःसंदेह त्योहारों की इस इंद्रधनुषी छटा में बैसाखी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व विशेष रूप से उल्लेखनीय है। खालसा पंथ की स्थापना से जुड़ी ऐतिहासिक घटना, सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि भारत की सामाजिक क्रांति का प्रतीक भी है। खालसा पंथ की स्थापना ने सिख समुदाय को एक नई और विशिष्ट पहचान दी। खालसा पंथ की स्थापना ने दरअसल, सिख समुदाय को एक नई पहचान, अनुशासन और साहस का प्रदान किया जाना था। इस दिन देशभर के गुरुद्वारों में विशेष शबद, कीर्तन और प्रभात फेरियां आयोजित होती हैं। इस दिन भव्य लंगर का भी आयोजन होता है।

**किसानों के उल्लास का प्रतीक:** भले ही बैसाखी के पर्व को अलग-अलग रूपों में देश भर में मनाया जाता है। लेकिन कहीं न कहीं ये सारे नववर्षीय पर्व भारत की कृषि प्रधानता को भी रेखांकित करते हैं। उत्तर भारत में यह रबी की फसल की कटाई का समय होता है। किसानों के लिए केवल फसल काटने के लिए ही नहीं बल्कि मेहनत का फल मिलने का भी क्षण होता है। इस तरह बैसाखी किसानों की इस खुशी का उल्लास बन जाती है।

**आपसी जुड़ाव का पर्व:** पंजाब और हरियाणा में बैसाखी के अवसर पर खेतों में भांगड़ा और गिद्दा जैसे लोकनृत्य किए जाते हैं। यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि ईश्वर के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक भी होता है। बैसाखी भारतीय समाज की विविधता में एकता का प्रतीक पर्व है।

# स्किन टैनिंग से होगा बचाव अपनाएं ये सरल-कारगर उपाय

स्किन केयर

नैंसी गुप्ता

गर्मी का मौसम आते ही दिन के समय बाहर निकलने पर तेज धूप और यूवी किरणें हमारी त्वचा पर असर डालने लगती हैं। इन दिनों स्किन टैन होना एक आम समस्या बन जाती है, जिससे त्वचा का रंग अनईवन या डार्क नजर आने लगता है। इनसे बचने के लिए लोग ब्यूटी प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो कुछ सरल प्राकृतिक उपायों को आजमा सकती हैं। इससे भी स्किन टैनिंग की समस्या दूर हो जाएगी।



**दही-बेसन का पैक:** दही और बेसन का मिश्रण, त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड, टैनिंग को हल्का करने में मदद करता है, जबकि बेसन स्किन को क्लीन और एक्सफोलिएट करता है। इस पैक को हफ्ते में 2-3 बार लगाने से त्वचा में निखार आता है।



**नीबू-शहद का पैक:** नीबू में ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो टैनिंग को हल्का करने में सहायक होती हैं। शहद, त्वचा को मॉयश्चराइज करता है। इन दोनों को मिलाकर लगाने से स्किन क्लीन और ग्लोइंग बनती है। लेकिन ध्यान रखें कि इसे स्किन पर लगाने के बाद धूप में जाने से बचना चाहिए।

**एलोवेरा से मिले स्किन को ठंडक:** एलोवेरा, गर्मियों में न सिर्फ स्किन को ठंडक देता है, बल्कि टैनिंग को कम करने में भी मदद करता है। ताजे एलोवेरा जैल को चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट बाद साफ पानी से धोने से स्किन फ्रेश हो जाती है।

**खीरा-गुलाब जल का टोनर:** खीरा त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ टैनिंग को भी कम करता है। यही गुण गुलाब जल में होता है। खीरे के रस में गुलाब जल को अच्छी तरह मिलाकर चेहरे पर लगाने से स्किन को ताजगी मिलती है।

**ठंडे दूध से मसाज:** कच्चा, ठंडा दूध स्किन को क्लीन करने का बेहतरीन तरीका है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को मुलायम बनाते हैं और टैनिंग को धीरे-धीरे कम करते हैं।



**अच्छा क्लींजर है नारियल पानी:** नारियल पानी स्किन को अंदर से साफ करने में मदद करता है। इसे चेहरे पर लगाने से टैनिंग धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**टमाटर का रस है इफेक्टिव:** टमाटर में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो टैनिंग को कम करने में मदद करते हैं। आप चाहें तो टमाटर के रस को सीधे स्किन पर लगा सकती हैं। इसका रेग्युलर इस्तेमाल करने से स्किन ब्राइट होती है और सन रेज से होने वाला स्किन डैमेज कम होता है।

**(स्किन केयर एक्सपर्ट निर्मल चावला से बातचीत पर आधारित)**

अगर आप बेबी प्लान कर रही हैं तो आपको अपनी और आने वाले बच्चे की हेल्थ से जुड़ी कुछ तैयारियां कर लेनी चाहिए। कौन सी हैं वो तैयारियां, जानिए।

# बेबी प्लानिंग से पहले कई लेवल पर करें तैयारी

प्रिकॉशन

चेतना झा

घर के आंगन में किलकारी गूंजे, यह ख्वाहिश हर शादी-शुदा जोड़े की होती है। आप भी इस मोड़ पर पहुंची हैं, जहां बाहों में नन्हे-मुन्ने को समेटने को मन मचल रहा है तो कुछ तैयारियां करने का समय आ गया है। ये तैयारियां कई स्तर की हैं। कुछ शरीर के स्तर पर तो कुछ मन के स्तर पर। कुछ करियर के मसले हैं तो कुछ पारिवारिक। इन सभी के बारे में यहां आपको बता रहे हैं।

**तनाव की छुट्टी:** अब जब आपने मां बनने का निर्णय लिया है तो सबसे पहले तनाव को गुड बाय कहिए। तनाव दरअसल, बर्थ कंट्रोल की गोलियों की तरह ही काम करता है। जाहिर है, मां बनना चाहती हैं, तो इसे छोड़ना होगा। इससे बचने के लिए पहचानिए क्या हैं आपके तनाव के खास कारण। यदि पैसों के मामले में जीवनसाथी से झगड़े होते हैं तो बेहतर है कि पहले काउंसलर या फाइनेंशियल प्लानर से बात कर समस्या को जड़ से दूर करें। कोलाहल भरे रास्ते से आना-जाना मजबूरी हो तो क्यों ना कोई ऐसा वैकल्पिक रास्ता ढूंढें जो भले थोड़ी अधिक दूरी का हो, पर सुकून भरा हो।

**दवाओं पर दें ध्यान:** बेबी प्लानिंग के साथ आप जब डॉक्टर से मिलेंगी तो वे आपको कुछ खास दवाएं लेने को कह सकती हैं। आपकी खुराक में पर्याप्त फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम और विटामिंस होने चाहिए। फोलिक एसिड बच्चे को जन्मजात विकृतियों से बचाने में मददगार होता है। वहीं कैल्शियम सप्लीमेंट्स, आपकी हड्डियों और आपके दांतों की मजबूती के लिए जरूरी हैं।





**न्यूट्रिशस डाइट:** खाने में दूध और दूध से बने पदार्थ जैसे खोया, पनीर, छेना आदि शामिल करना चाहिए। मौसमी सब्जियां और फल जैसे गाजर, टमाटर, सेब, केला, नारंगी आपको अपनी डेली डाइट में शामिल करना जरूरी है। ये फल आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन-ए, विटामिन-सी आदि के अच्छे स्रोत होते हैं। नॉनवेज खाती हैं तो हफ्ते में एक बार मछली, चिकन आदि खा सकती हैं। अंकुरित चना, मूंग में विटामिन-ई प्रचुर मात्रा में होता है। जिन्हें मां बनने में दिक्कत आ रही है, वे महिलाएं इसका सेवन जरूर करें। थोड़ी मात्रा में सूखे मेवे भी नियमित खाएं।

**रेग्युलर चेकअप:** बेबी प्लानिंग से पहले और शुरुआती महीनों में आरएच टाइपिंग, ब्लड ग्रुपिंग, वीडीआरएल, एचआईवी, आस्ट्रेलियन एंटीजेन, ब्लड शुगर, टीसी, डीसी, ईएसआर, हीमोग्लोबिन, थायरॉइड हार्मोंस जैसे- टी थ्री, टी फोर और टीएसएच, सीरम एफएसएच, एलएच, प्रोलेक्टिन, यूरिन कल्चर टेस्ट आदि जरूरत के मुताबिक डॉक्टर कराते हैं। प्रेग्नेंसी प्लान से पहले पति के स्पर्म की भी जांच कराते हैं। डॉक्टर पहले ही आश्वस्त हो जाते हैं कि संभावित गर्भ में थैलिसिमिया जैसी जेनेटिक बीमारियां नहीं हो। डॉक्टर की राय के अनुसार ये टेस्ट कराने में लापवाही न बरतें। ऐसा करना आपकी और होने वाले बच्चे की हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है।

**(स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी लाल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### पालिका से नगर निगम बनेगा मुजफ्फरनगर

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर पहुंचे सीएम योगी ने कहा, यूपी सरकार सुरक्षा, रोजगार, किसान



कल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। इसी बीच सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने का भी वादा किया और अफसरों को प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

### आबकारी कॉन्स्टेबल भर्ती पेपर लीक में 164 काबू

**रांची।** झारखंड आबकारी कॉन्स्टेबल प्रतियोगी परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले कुल 159



उम्मीदवारों और 5 अन्य लोगों को पेपर लीक के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए पांचों मुख्य आरोपी प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं में शामिल एक गैंग के सदस्य हैं। प्रशांत कुमार ने कहा, हालांकि परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से हू-ब-हू मेल नहीं खाते थे।

### मोदी और शाह के हाथ में होगा बिहार सीएम का रिमोट

**पटना।** बिहार में नई सरकार गठन से पहले जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने दो भविष्यवाणी की



है। कहा कि कोई भी सीएम बने लेकिन रिमोट कंट्रोल अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ में होगा। सरकार की प्राथमिकता गुजरात की फैक्ट्रियों के लिए मजदूर का जुगाड़ करना। बिहार से बेरोजगारी, बदहाली, पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं को दूर नहीं कर पाएगी।

### झारखंड सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में लोकायुक्त व सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति से संबंधित मामले में सोमवार को सुनवाई हुई।इसदौरान अदालत ने राज्य सरकार के जवाब पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि जल्द ही लोकायुक्त का नाम राज्यपाल को अनुमोदन के लिए भेजा जाए।

### नोएडा में श्रमिकों के बवाल को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया साजिश

**शांति को अशांति में बदलने के लिए की साजिश**

# उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाई, उपद्रवियों को दी चेतावनी, कहा- हम साजिश का खुलासा करेंगे

नोएडा में श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। सरकार ने औद्योगिक विवाद को खत्म करने के लिए एक हाई-पावर कमेटी का गठन किया है, जो असामंजस्य दूर करने के लिए श्रमिकों के हित में स्टेक होल्डर्स से बात करेगी। औद्योगिक विकास आयुक्त को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। जांच कमेटी में श्रमिक संगठन के 5 व उद्यमी संघ के 3 प्रतिनिधि शामिल हैं।



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर/लखनऊ

नोएडा में चल रहे मजदूरों के बवाल और हंगामे को लेकर मुजफ्फरनगर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने श्रमिकों और कंपनियों में काम करने वाले लोगों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं। सीएम ने साफ कहा कि कुछ लोग प्रदेश की शांति को अशांति में बदलने के लिए साजिश रच रहे हैं। ऐसे लोगों से बचकर रहने की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि डबल इंजन की सरकार हमेशा श्रमिकों के साथ खड़ी है।

### साजिश रचने वालों से सावधान रहने की अपील

सीएम योगी ने कहा कि परिस्थिति कैसी भी हो, व्यक्ति को अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। उन्होंने 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि तब उद्योगों पर ताले लगे थे, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे।



**कोरोना काल की याद दिलाकर जताया भरोसा**

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को याद दिलाते हुए कहा कि मुश्किल वक्त में सरकार ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा, "याद करिए, कोरोना के उस कठिन समय में जब सब डरे हुए थे, हमारी सरकार ने अपनी गाड़ियां लगाकर आप सभी को सुरक्षित घर पहुंचाया और क्वारंटाइन सेंटर में रुकवाने की पूरी व्यवस्था की।

**सीएम के बयान पर अखिलेश का पलटवार**

### यूपी नहीं संभल रहा है तो गद्दी से उतरकर जाइए



इधर सीएम के बयान पर सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि अगर मुख्यमंत्री जी नोएडा के मजदूरों के आंदोलन को किसी की साजिश बता रहे हैं तो एक सवाल जनता आपसे पूछ रही है कि अगर ये सच है तो आपकी खुफिया पुलिस क्या आपके साथ बंगाल प्रचार करने गई थी या वनस्पति की खोजबीन में लीन थी या उसके प्रभाव में। मजदूरों के आंदोलन को नक्सलवाद के आरोप से बदनाम करने से पहले आप ये बताएं कि आपने ऐसा क्या किया है कि 10 सालों में ऐसे हालात बन गए। अखिलेश ने लिखा कि आप मजदूरों के ज़ख्मों पर मलहम नहीं लगा सकते तो न लगाएं लेकिन उन जख्मों पर नमक तो न छिड़कें। भाजपाई कमीशनखोरी से जन्मी महंगाई के कारण परिवारवाले वैसे ही दुखी है उसके ऊपर अवांछित दोषारोपण करने का जो पाप आप कर रहे हैं, वो घोर निंदनीय है। इससे हालात बद से बदतर हो सकते हैं।

### न इनसे देश संभल रहा है, न प्रदेशः अखिलेश

यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि अगर आप से प्रदेश नहीं संभल रहा है तो ससम्मान इस गद्दी से उतरकर जाइए, नहीं तो जनता उतार देगी। भाजपाई खुद तो अंतिम दौर के भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं, इसीलिए न इनसे देश संभल रहा है, न प्रदेश।

**कमेटी श्रमिकों के हित में स्टेक होल्डर्स से बात करेगी, मांगों पर होगा विचार**

### 4 अफसरों समेत 12 लोगों को दी गई बड़ी जिम्मेदारी

नोएडा में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री मजदूरों द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन हिंसक रूप ले चुका है। वहीं अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद मामले को लेकर हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है। दरअसल, नोएडा में औद्योगिक असामंजस्य दूर करने के लिए ये कमेटी बनाई गई है जो श्रमिकों के हित में स्टेक होल्डर्स से बात करेगी। औद्योगिक विकास आयुक्त को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। कमेटी में एसीएस सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन सदस्य होंगे। कमेटी में श्रमिक संगठन के 5 व उद्यमी संघ के 3 प्रतिनिधि शामिल हैं।

**प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में**

दरअसल यह हिंसा राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए दोगुना ओवरटाइम भुगतान और समय पर वेतन सुनिश्चित करने जैसे कदमों की घोषणा के एक दिन बाद हुई, जिसके बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं।

**उत्तर प्रदेश में अराजकता नहीं होने दी जाएगी**

ये उच्चास्तरीय जांच कमेटी सभी हितधारकों से सामंजस्य बनाने और वार्ता करने के लिए नोएडा पहुंच गई है। सरकार की तरफ से ये आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही इसका समाधान निकाल लिया जाएगा। साथ ही स्वार्थ परक और राजनैतिक विद्वेष माहौल खराब करने की गहन जांच की जाएगी। योगी सरकार की तरफ से ये भी साफ कर दिया गया है कि उत्तर प्रदेश में अराजकता नहीं होने दी जाएगी।

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**हरिद्वार।** वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डॉ. पी.डी. सेठी नेशनल एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि डॉ. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी पुरस्कार, देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर



लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आंवला पर किए गए इन्हीं शोध के आधार पर भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा भी संस्थान को पिछले वर्ष 10वें अंतरराष्ट्रीय "वेस्ट टू वर्थ" सम्मेलन एवं 4आर पुरस्कार 2025 संस्करण में "अवार्ड ऑफ मेरिट" से सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि आंवला बीज के तेल पर किए गए इन शोधों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। प्रतिष्ठित एल्सेवियर प्रकाशन ने पतंजलि के दोनों शोधों को एक साथ अपने शोध पत्रिका 'एप्लाइड फूड रिसर्च' के अंक में भी स्थान दिया था।

**मंत्रिमंडल में किसे मिलेगी जगह? सामने आए कई नाम**

## यूपी में उत्तराखंड का फॉर्मला लगा सकती है भाजपा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा यूपी के संगठन और मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करने जा रही है। सरकार और संगठन दोनों स्तर से इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई। इस संबंध में एक दिन पहले ही भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े ने लखनऊ में संगठन और सरकार के लोगों से अलग-अलग मीटिंग की है। वहीं दूसरी ओर यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी भी अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात कर चुके हैं। हाल में उत्तराखंड में भी मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था। माना जा रहा है कि उत्तराखंड फॉर्मूले पर ही यूपी में मंत्रिमंडल और संगठन का विस्तार किया जा सकता है।









**भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल का नाम शामिल**

सूत्रों के मुताबिक, इस विस्तार में नए चेहरों को मौका देने के साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक़ संभावित विस्तार में जिन नेताओं के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, उनमें भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल, अजीतपाल त्यागी और आकाश सक्सेना शामिल हैं। इसके अलावा अशोक कटारिया और अश्वनी त्यागी का नाम भी दावेदारों की सूची में मजबूत माना जा रहा है। पार्टी इन नामों के जरिए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश में है।

### संगठन में जा सकते हैं कई मंत्री

कैबिनेट विस्तार के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने की भी चर्चा है। इनमें नरेंद्र कश्यप, दिनेश खटिक और सोमेंद्र तोमर के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का मानना है कि इन नेताओं का संगठन में अनुभव चुनावी तैयारी को और मजबूत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार उत्तराखंड में अपनाए गए फॉर्मूले को उत्तर प्रदेश में भी लागू कर सकती है। इसके तहत बिना किसी मंत्री को हटाए भी नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इससे असंतोष को कम रखते हुए संतुलन साधने की रणनीति अपनाई जा सकती है।

## पेज एक का शेष

### लागू होगा 'नारी ...

मंत्री सावित्री ठाकुर, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) विजया रहाटकर, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित कई महिला विधायक और सांसद मौजूद रहीं।

**पंचायती राज संस्थाओं की अनोखी मिसाल:** देश में महिला नेतृत्व का एक बेहतरीन उदाहरण पंचायती राज संस्थाएं पेश करती हैं। 14 लाख से ज्यादा महिलाएं स्थानीय प्रशासनिक इकाईयों में सफलता से काम कर रही हैं। 21 राज्यों की पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी 50% तक जा पहुंची है। लाखों महिलाओं की राजनीति, सामाजिक जीवन में यह सक्रियता दुनिया के बड़े-बड़े नेताओं, राजनीतिक विशेषज्ञों को भी आश्चर्यचकित कर देती है। जिससे समूचा देश गौरवान्वित होता है।

**महिलाओं से की जरूरी अपील :** प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में चर्चा से पहले मैं, महिलाओं से ये अपील करता हूं कि इस पूरी प्रक्रिया में आप अपनी सक्रियता को बनाए रखें। अपने-अपने क्षेत्र के सांसदों से मुलाकात करिए, उनके सामने अपना पक्ष रखिए और अपनी अपेक्षाएं बताएं। जिस दिन सांसद सदन में जाने के लिए निकलें, उन्हें फूलमाला पहनाकर विदाई दें। ऐसा करने से वह कोई दूसरा निर्णय कर ही नहीं पाएंगे। सम्मेलन में होने वाली चर्चाओं को देशभर में फैलाएं। ताकि हर महिला इससे रूबरू हो सके व इस बड़े निर्णय की ताकत को समझ सकें।

**महिलाओं से भरी हो दर्शक दीर्घा :** 16 से 18 अप्रैल तक मैं चाहूंगा कि संसद के दोनों सदनों में दर्शक दीघाएं महिलाओं से भरी हुई हों। हालांकि इसे लेकर अंतिम निर्णय का अधिकार अध्यक्ष का होगा। महिलाएं दर्शक दीर्घा में होंगी तो पूरे देश में एक उत्सव का माहौल बनेगा, सारा श्रेय संसद, सभी दलों और मातृशक्ति को जाएगा। सरकार ने महिलाओं के जीवन की हर परिस्थिति के मद्देनजर कई कदम उठाए हैं। जिसका नतीजा ये है कि अब देश अपने लोकतंत्र को नई बुलंदी पर लेकर जाने के लिए तैयार है। नारी शक्ति ने परिश्रम, साहस और आत्मविश्वास से जिन ऊंचाइयों को छुआ है। अब हमें मिलकर इस शक्ति को नई ऊर्जा देनी है।

**इन बदलावों को लाने की है योजना :** गौरतलब है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने महिलाओं के लिए आरक्षण को नई जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया था। जनगणना में देरी की वजह से अब केंद्र ने 2011 की जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से ही मामले में आगे बढ़ने की योजना बनाई है। अधिनियम में संशोधन के बाद लोकसभा की सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 816 होने की संभावना है। उधर, सरकार ने दो बड़े संशोधनों की योजना बनाई है। जिसमें एक में अलग परिसीमन विधेयक भी शामिल है। महिला आरक्षण लागू करने के लिए दोनों विधेयकों को संवैधानिक संशोधन के तौर पर पारित किया जाना जरूरी है।

### पूरी होगी विपक्ष ...

संरचना के तहत महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से महसूस की जा रही थी। मामले पर चार दशक लंबा विचार-विमर्श चला। जिसमें लगभग सभी राजनीतिक दलों और पीढ़ियों का प्रयास शामिल है। 2023 में सभी दलों ने नए संसद भवन में इससे संबंधित अधिनियम को सर्वसम्मति से पास कराया था। उस दौरान इसे किसी भी सूरत में 2029 तक लागू करने की बात भी एक सुर में उठी थी। खासकर विपक्ष से इस बात पर जोर डाला गया था। जिसे सरकार ने भी काफी गंभीरता से लिया है और अब हम 16 अप्रैल से संसद की विशेष बैठक आहूत कर इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। संसद में इस पर व्यापक चर्चा होगी। यह सत्र राज्यों की विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय होगा।

### संवाद, सहयोग ...

पर पहले ही एक सकारात्मक माहौल बना है। महिलाएं इस विषय पर मुखर होकर परिचर्चा कर रही हैं। जिसमें विधानसभा और लोकसभा पहुंचने के उनके सपनों को नए पंख मिलने जा रहे हैं।

### महिला आरक्षण की...

बचने के लिए मोदी सरकार परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कर रही है। श्रीनेत ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चल रहे चुनाव प्रचार के बीच 16 अप्रैल से संसद के विशेष सत्र बुलाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार चुनावों में इसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है और सांसदों से जनता के बीच जाकर प्रचार करने का हक छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मोदी सरकार को तीन-तीन पत्र लिखे और 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाकर संविधान संशोधन पर चर्चा कराए जाने की मांग की थी। लेकिन सरकार ने यह बात नहीं मानी, क्योंकि उसकी मंशा में खोट है और उसका इरादा महिला सशक्तिकरण नहीं है। श्रीनेत ने कहा कि 30 महीने पहले सितंबर, 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया था, जिसमें महिला आरक्षण लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन की शर्त रखी गई थी। उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने स्पष्ट कहा था कि बिना किसी शर्त के इसे 2024 से ही इसे लागू किया जाए, लेकिन सरकार ने यह बात नहीं मानी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण कांग्रेस की सरकार ने 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के जरिए दिया था, जिसके जनक राजीव गांधी थे। इसी की बदौलत आज पंचायती राज में 15 लाख से ज्यादा निर्वाचित महिलाएं हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने पार्टी की मांग दोहराई कि मोदी सरकार सभी दलों की बैठक बुलाए और व्यापक चर्चा के बाद ही कोई निर्णय ले।

### मुख्यमंत्री सैनी ने ...

जाना, इसके बाद खरीद व्यवस्था को देखा और किसानों से बातचीत कर अनाज मंडी में गेहूं बेचने के दौरान आने वाली समस्याओं व दिक्कतों को जाना। गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से आरम्भ हो चुकी है। भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। राज्य में गेहूं की खरीद के लिए 416 मंडियां एवं खरीद केंद्र के अलावा 264 अतिरिक्त खरीद स्थल भी खोले गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खरीद प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित तथा किसान हितैषी बनाने के लिए कई नई पहले लागू की हैं। इन उपायों से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा किसानों को सुविधाजनक और तेज सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन-स्तरीय फसल सत्यापन प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। इस व्यवस्था के तहत खरीद केंद्रों पर लाई गई फसल का किसान द्वारा पंजीकृत फसल से मिलान सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे फसल सत्यापन प्रक्रिया अधिक सटीक और विश्वसनीय बन रही है। उन्होंने स्वयं संबंधित जिलों के उपायुक्तों से बात कर स्थिति का पता लगाया और फसलों को हुए नुकसान एवं भरपाई के लिए कुरुक्षेत्र, हिसार, सिरसा व फतेहाबाद के लिए पोर्टल खोला हुआ है। इनमें कुरुक्षेत्र के 6 गांव, फतेहाबाद जिले के 9 गांव, हिसार के 10 गांव तथा सिरसा के 2 गांव शामिल हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपनी फसल के नुकसान एवं भरपाई के लिए 15 अप्रैल तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करें। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सतीश मथाना, मंडी प्रधान गुरुदत्त शर्मा, मार्केट कमेटी सचिव गुरमीत सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### तमिलनाडु की सत्ता...

कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 87 प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई, लेकिन घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए आई हुई राशि में राज्य सरकार ने बंदरबांट कर ली, जिसके कारण आज भी गरीब परिवारों को नल का स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पूरे देश में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीबों को इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक की मुफ्त राशि उपलब्ध कराई है और इस योजना का लाभ करोड़ों परिवारों को मिल रहा है। तमिलनाडु के लोगों को भी इसका पूरा लाभ मिले, इसकी चिंता एनडीए सरकार करेगी। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में मदुरै और त्रिची में लगभग 11,000 करोड़ रूपये की योजनाओं की सौगात तमिलनाडु को दी है। मोदी सरकार ने रेलवे के क्षेत्र में लगभग 35,000 करोड़ रूपये की परियोजनाएं और चेन्नई मेट्रो फेज-2 के लिए 8,000 करोड़ रूपये की परियोजना भी तमिलनाडु की जनता को दी हैं। पीएम उज्ज्वला योजना के माध्यम से माता-बहनों को एलपीजी कनेक्शन देकर तमिलनाडु में 41 लाख महिलाओं को इसका लाभ पहुंचाया गया है। जहां एक ओर यूपीए सरकार के समय, जब कांग्रेस और डीएमके दिल्ली में सत्ता में थे, रेलवे के लिए एक वर्ष में मात्र 880 करोड़ रूपये दिए गए थे, वहीं पिछले 10 वर्षों में एनडीए सरकार में तमिलनाडु को रेलवे का जो बजट मिला, वह लगभग 6,626 करोड़ रूपये है, जो पिछली सरकार की तुलना में आठ गुना अधिक है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि तमिलनाडु के गरीबों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच रहा है जबकि पिछले पांच वर्षों में डीएमके सरकार ने 10 लाख करोड़ रूपये का कर्ज लिया है। 3 लाख करोड़ रूपये की राशि इसके अतिरिक्त दिल्ली से प्राप्त हुई है। एक ओर जहां भ्रष्टाचार हुआ, वहीं हत्याओं का दौर भी बढ़ा है। डीएमके की सरकार के कार्यकाल में लगभग 8,000 से अधिक हत्याएं हुई हैं। तमिलनाडु में जहरीली शराब की घटना में 68 लोगों की मृत्यु हुई, लेकिन मुख्यमंत्री को पीड़ित परिवारों से मिलने का समय तक नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री की कुर्सी को परिवार की जागीर समझने की प्रवृत्ति, जिसमें करुणानिधि के बाद स्टालिन और फिर उनके पुत्र को सत्ता सौंपने की योजना है, उसे समाप्त किया जाएगा। एनडीए की सरकार बनने पर इस भ्रष्ट परिवार को सत्ता से हटाया जाएगा और उनसे एक-एक रुपये का हिसाब लिया जाएगा। डीएमके ने तमिलनाडु के इतिहास को अपमानित किया, भगवान मुरुगन से लेकर दीपम को भी अपमानित किया, तमिलनाडु के वर्तमान और भविष्य के साथ भी खेलने का काम किया।

### मध्यप्रदेश में ब्लैक ...

केवल कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक प्रगति तथा क्षेत्रीय संतुलित विकास का एक महत्वपूर्ण आधार है। इस दौरान यह अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के मध्य कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत तथा सड़क सुरक्षा में सुधार परिलक्षित हो रहा है। साथ ही, बेहतर सड़क नेटवर्क के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादों एवं औद्योगिक वस्तुओं के आवागमन में तेजी आई है, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आई है तथा सप्लाई चेन अधिक प्रभावी हुई है। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बेहतर कनेक्टिविटी के कारण प्रदेश के पर्यटन स्थलों तक पहुंच अधिक सुगम हुई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र को भी गति मिल रही है।

### खुले में शराब ...

और लोगों को बुलाकर सेना के वरिष्ठ अधिकारी और उनके बेटे के साथ मारपीट की है। सेना के यह ब्रिगेडियर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की गुजरात यूनिट में तैनात हैं और अभी फिलहाल वह वसंत एनक्लेव में अपने परिवार से मिलने आए हुए हैं।

**अधिकारी की मदद कर रही सैन्य पुलिस :** मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए सेना ने न केवल इस संबंध में एक बयान जारी किया है। बल्कि मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए बल के दिल्ली सब एरिया को सूचित किया गया और उसके साथ ही मिलिट्री पुलिस की एक टीम को भी बल के वरिष्ठ अधिकारी की सहायता करने का निर्देश दिया गया है। ब्रिगेडियर ने पुलिस को की हुई अपनी शिकायत में बताया कि बीते 11 अप्रैल की रात करीब सवा दस बजे जब वो और उनका बेटा खाना खाने के बाद कुछ देर टहलने के लिए घर से बाहर निकले थे। तभी उन्होंने देखा कि दो लोग मर्सिडीज एसयूवी कार में बैठकर शराब पी रहे थे। जब उन्होंने इसे लेकर पूछताछ करनी चाही तो उन लोगों ने दोनों के साथ काफी बुरा बर्ताव किया, मारपीट की गई। ब्रिगेडियर ने पीसीआर कॉल भी की थी। लेकिन उसका भी बहुत अधिक फायदा नहीं हुआ। मारपीट के बाद सैन्य अधिकारी का सेना के अस्पताल में जरूरी उपचार किया गया। साथ ही एक सरकारी अस्पताल में संपूर्ण मेडिकल जांच भी की गई है।

## चिंतन

# कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।



जयंती विशेष

शिवप्रकाश

# बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि

बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, “किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।” 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि “आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।” जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर “नारी शक्ति वंदन अधिनियम” के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।



भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव “यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः” जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, “किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।”1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।” बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरज़ोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि “राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने “नारी तू नारायणी” के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार “नारी शक्ति वंदन” अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सुरों की अमर सरगम

सुनील कुमार महला



# आशा का अविस्मरणीय अनूठा व यादगार सफर

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। 8 सितम्बर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मी आशा, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुजूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय (एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित
दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि “मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ”, तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए- किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

*-श्री श्री रविशंकर*


## सुख-दुख आते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शहीदों की याद दिलाता बैसाखी

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

*– दविन्दर सिंह चावला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को श्रद्धांजलि



जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### कविगुरु के सपनों का बंगाल



भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी। **-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### ठंडे बस्ते में जाति जनगणना



सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। **-जयराम रमेश**, कांग्रेस महासचिव

### चीन की शरारती कोशिश



भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

**-रंधीर जायसवाल**, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

## करंट अफेयर

# पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में से तीन हंगू स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से संबद्ध हैं। कोहाट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरफान तारिक ने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमलावर अपने साथियों के शव घटनास्थल से ले गए। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# ममता को यहां से निकालिए, कटमनी व सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करेगी भाजपा की सरकार, टीएमसी महिलाओं की रक्षा नहीं कर सकी

बीरभूम में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता शाह ने भी रैली की 'दीदी' पर साधा निशाना

शाह ने कहा कि ममता कहती हैं कि महिलाओं को शाम से बाहर नहीं निकलना चाहिए। आप एक बार भाजपा सरकार बना दीजिए, हम ऐसा बंगाल बनाएंगे जहां रात को भी बच्ची स्कूटी पर निकल सकेगी। कोई संदेशखाली, आरजी कर, दुर्गापुर लॉ कॉलेज जैसी घटना यहां नहीं हो सकेगी



एजेंसी ▶▶ बीरभूम

यहां केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने भी रैली की। इस दौरान शाह ने कहा कि आप लोग कटमनी और सिंडिकेट से परेशान हैं। किसी गरीब को घर बनाने के लिए ईंट लानी हैं, तो ममता के सिंडिकेट वाले पैसे मांगते हैं, सीमेंट लाना है, तो भी पैसे देने पड़ते हैं। आप ममता को यहां से निकाल दो, कटमनी और सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा की सरकार करेगी। शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम से बाहर नहीं निकलना चाहिए। आप एक बार भाजपा सरकार बना दीजिए, हम ऐसा बंगाल बनाएंगे, जहां रात को एक बजे भी छोटी बच्ची स्कूटी पर निकल सकेगी। कोई संदेशखाली, आरजी कर, दुर्गापुर लॉ कॉलेज या साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज जैसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि हम यूसीसी लाएंगे। हम सातवां वेतन आयोग हर सरकारी कर्मचारी को देंगे। बहनों के खाते में हर महीने तीन हजार रुपए जमा हो जाएंगे। गर्भवती माताओं को 21 हजार रुपए देंगे। यहां के बेरोजगार युवाओं को हम हर महीने 3,000 रुपए देने का काम करेंगे।

### 5 मई को बनेगी भाजपा सरकार

बीरभूम में शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में 5 मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय जनता ने ले लिया है।



रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते गृहमंत्री शाह

### ममता के उत्पाती मतदान नहीं रोक पाएंगे, बेखौफ वोटिंग करिए

वेस्ट मेदिनीपुर के रानीगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम ममता पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दे रहीं हैं और बंगाल में घुसपैठ के लिए बीएसएफ को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। शाह ने कहा कि आप लोग बेखौफ और बे-रोक-टोक मतदान करना। ममता बनर्जी के किसी भी गुंडे की मजाल नहीं है कि इस बार वो बंगाल के किसी भी मतदाता को रोक पाए।

### ममता का चेला हुमायूं अब तो बाबरी मस्जिद बनाना चाह रहा

शाह ने हुमायूं कबीर को ममता का चेला करार दिया। ममता राम मंदिर का विरोध करती थीं और अपने चेले-चपाटों को बंगाल में आगे कर बाबरी मस्जिद बनाने का सपना दिखा रही हैं। कबीर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहता है।

**जनता अब बम का जवाब बैलेट से देगी**

शाह ने कहा कि दीदी, आपके गुंडों के बम धमाकों से बंगाल की जनता अब नहीं डरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता बम का जवाब बैलेट से देगी।

**भाजपा आई तो 4 शादियां नहीं होंगी**

शाह ने कहा कि बंगाल में कुछ लोगों को 4 शादी करने की छूट है, अगर भाजपा सत्ता में आई तो यूसीसी लागू कर इस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

### ममता तो राज्य की बहनों की रक्षा नहीं कर सकीं

शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। ममता दीदी, थोड़ी शर्म तो कीजिए, खुद महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी आप बंगाल की बहन की रक्षा नहीं कर सकीं।

### तमिलनाडु में भाजपा डीएमके ने झोंकी ताकत

तमिलनाडु में राज्य भाजपा अध्यक्ष, नैनार नागेंद्रन ने सोमवार को सतूर में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि डीएमके सरकार के कारण राज्य में पटाखा उद्योग, कई समस्याओं से जूझ रहा है। श्री नागेंद्रन ने दुर्घटनाग्रस्त पटाखा फैक्ट्री का दौरा किया। इसमें तीन मजदूर घायल हुए थे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को भविष्य में उठाया जाएगा। उन्होंने प्रभावित लोगों के लिए दस लाख रुपए के मुआवजे की मांग की और कहा कि राज्य सरकार ने केवल लीपापोती की है। डीएमके सांसद कनिमोझी ने तिरुनेलवेली में चुनाव प्रचार करते हुए एआईएडीएमके की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र ने तमिलनाडु के मुद्दों का समाधान नहीं किया है।


चुनाव प्रचार के सिर्फ 9 दिन बाकी

### अब तक तमिलनाडु में नहीं हुई कांग्रेस की एंट्री, गठबंधन पर उठे सवाल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों के पास प्रचार के लिए सिर्फ 9 दिन ही बाकी है। ऐसे में सभी दल पूरी ताकत के साथ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। सभी चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस चुनाव में डीएमके का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। लेकिन इस गठबंधन पर अब सवाल उठ रहे हैं। इसका कारण है राहुल गांधी की रैली।

मुर्शिदाबाद में ओवैसी का ममता पर निशाना

### भाजपा से पुराने रिश्तों की दिलाई याद



मुर्शिदाबाद स्थित रघुनाथगंज में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। ओवैसी ने स्थानीय मुद्दों को हवा देते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद की सरजमीं पर किसी ने इंडस्ट्री या हमारे बच्चों के रोजगार की बात की? उन्होंने कहा कि आपने ममता को 3बार मुख्यमंत्री बनाया और बदले में इस क्षेत्र को क्या मिला? ओवैसी ने कहा कि इस बार आप को बहुत ही एहतियात से सोच-समझकर अपने वोट का इस्तेमाल करना है। मैं यह कहना चाहूंगा कि बंगाल के मुस्लिम अकलियत (अल्पसंख्यक) से बहुत नाइंसाफी की गई।

बीरभूम में टीएमसी की जनसभा

### ममता ने पीएम को घेरा, युवाओं को प्रभावित करने 'मन की बात' दिखाई




बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। ममता ने बीरभूम के सूरी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम युवाओं के मन को प्रभावित करने के लिए प्रसारित किया जा रहा है। ममता ने टीएमसी की जीत का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली की ताकतों का इस्तेमाल करके बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी, टीएमसी को 226 से अधिक सीटें मिलेंगी।

---

## खबर संक्षेप

### गिर में शेर का किया गया सफल रेस्क्यू

**गिर।** गुजरात के गिर क्षेत्र नवाबंदर में एक शेर कुएं में गिरा, जिसे वन



विभाग की टीम ने रस्सी और पिंजरे के सहारे घंटों की मशक्कत के बाद सफलतापूर्वक बचाया। करीब एक घंटे तक यह ऑपरेशन चला। ऐसे जानवरों को अक्सर चिकित्सा जांच के लिए जसाधर एनिमल केयर सेंटर ले जाया जाता है।

### कर्नाटक में रस्साकशी पद की चाह गलत नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के अंदर इन दिनों कैबिनेट



फेरबदल को लेकर हलचल तेज हो गई है। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि विधायकों का मंत्री बनने की इच्छा रखना बिल्कुल गलत नहीं है। कई विधायक 2-3 बार चुनाव जीत चुके हैं। उनके पास अनुभव भी है।

### खेड़ा केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई



अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। यह जमानत तेलंगाना हाई कोर्ट ने उस मामले में दी थी, जो असम में दर्ज है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने खेड़ा को एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया था।

### लालू पर एफआईआर रद्द नहीं, पेशी से मिली छूट

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में



आरजेडी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। सर्वोच्च न्यायालय नेरोक लगाने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने लालूको निचली अदालत की कार्यवाही में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी है।

---

नए मुख्यमंत्री की शपथ की राजभवन में तैयारियां शुरू

# कल होगा बिहार में नई सरकार का गठन पर्यवेक्षक शिवराज करेंगे नेता का ऐलान

## सोमवार को सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम सम्राट में हुई हाईलेवल बैठक

एजेंसी ▶▶ पटना

बुधवार को बिहार में नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। पार्टी दफ्तार से लेकर राजभवन तक इसकी तैयारी चल रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की नीतीश के आवास पर हाईलेवल मीटिंग चली। इसमें जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी, श्रवण कुमार, जमा खान मौजूद थे। इसमें 14 अप्रैल को होने वाली एनडीए की विधायक दल की बैठक और जदयू कोटे से बनने वाले मंत्री और निशांत कुमार को लेकर बातचीत हुई। बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री जमा खान ने साफ कहा कि 15 अप्रैल को ही नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसकी तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश के आवास से निकलने के बाद बाद ललन सिंह और संजय झा ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर जाकर बैठक की। यहां पर नेताओं के बीच नए मंत्रिमंडल पर बाचतीत की।

प्रधानमंत्री भी समारोह में होंगे शामिल



गुफ्तगू करते उप मुख्यमंत्री सम्राट और सिन्हा

**आज नीतीश की आखिरी बैठक**

सचिवालय की ओर से मंत्रिपरिषद की बैठक की तारीख और भी जारी कर दी गई है। 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में मंत्रि परिषद की बैठक होगी।

### राजभवन की सुरक्षा कड़ी की गई

पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पटना में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम को लोकभवन बुलाया गया था। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की। डीएम को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं।केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी भी पटना आ सकते हैं। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वे लोक भवन में रुकेंगे। नई सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे।

### शिवराज की देखरेख में होगी नाम की घोषणा

भाजपा के पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह



चौहान भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता के नाम का ऐलान करेंगे। शाम 4 बजे बिहार विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की मीटिंग होगी। इस बैठक में एनडीए के विधायक नीतीश की जगह लेने वाले नए नेता यानी नए मुख्यमंत्री को चुनेंगे।

### भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल की मीटिंग

जेडीयू के वरिष्ठ नेता संजय झा और विजय चौधरी की ओर से पिछले 24 घंटे में जो बयान जारी किया गया है, उससे साफ लग रहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर जदयू कोई खास लेना देना नहीं है। जदयू का स्पष्ट कहना है कि मुख्यमंत्री भाजपा को ही तय करनी है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

आज होंगी अहम बैठकें

### 2 बजे जेडीयू की तो 3 बजे भाजपा विधायक दल की होगी बैठक

बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री को चुनने का रोडमैप फाइनल हो गया है। एनडीए विधायक दल का नया नेता सीएम बनेगा और अपने नाम पर गठबंधन से मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा या करेगी। जेडीयू के अध्यक्ष और मौजूदा सीएम नीतीश कुमार दोपहर 2 बजे सीएम आवास पर जेडीयू विधायक दल की बैठक करेंगे। इस बैठक में नीतीश की जगह पर पार्टी किसी नए नेता को चुनेगी।

### बुधवार को होगा शपथ ग्रहणः जमा खान

नीतीश के करीबी मंत्री जमा खान ने पटना में कहा कि



लगभग सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हमारे नेता का जो निर्णय होगा बिहार के अंदर वही होगा। मंगलवारको कैबिनेट की बैठक है। साथ ही बुधवार को उम्मीद है कि शपथ ग्रहण होगा।

---

सिरसा से कांग्रेस सांसद ने कहाः मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाओं का घोर अभाव

# हरियाणा सरकार की धीमी मुआवजा प्रक्रिया ने बढ़ाई किसानों की पीड़ाः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में किसानों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश का किसान इस समय अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। कैथल, सिरसा, जींद, झज्जर और रोहतक सहित कई जिलों में प्राकृतिक आपदाओं ने सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया है। यह केवल फसल का नुकसान नहीं, बल्कि किसानों की महीनों की मेहनत और उम्मीदों का टूटना है। इन घटनाओं के बाद भी सरकार की ओर से राहत और मुआवजे की प्रक्रिया बेहद धीमी और निराशाजनक है, जिससे प्रभावित किसानों की पीड़ा और बढ़ गई है। सरकारी खरीद व्यवस्था की खामियों ने किसानों को और अधिक संकट में डाल दिया है। 1 अप्रैल से खरीद शुरू होने के दावों के बावजूद मंडियों में अव्यवस्था का आलम है। किसान अपनी उपज खुले में रखने को मजबूर हैं, जहां नमी और मौसम की मार से फसल खराब हो रही है। मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव, उठान में देरी, जूट बैग की कमी और प्लास्टिक बैग का बढ़ता उपयोग, साथ ही नमी और डिजिटल प्रक्रियाओं के नाम पर बार-बार बाधाएं खड़ी करना, यह सब किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह लापरवाही और संवेदनहीनता किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ रही है और उन्हें औने-पौने दामों पर फसल बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहरुख उर्फ आमिर** पुत्र सलीम, निवासी- ई-14/जी-376, न्यू सीलमपुर, वेलकम, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 31733/2021 धारा 379/411भा.द.स, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ आमिर** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ आमिर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ आमिर, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 31733/2021 धारा 379/411भा.द.स, थाना वेलकम, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
न्यायालय संख्या 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/4108/NE/2026

---

महिला आरक्षण विधेयकः विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा

# कांग्रेस ने जारी किया निर्देश, सभी रहें विशेष सत्र में उपस्थित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण विधेयक में परिसीमन समेत अन्य सियासी मसाला लपेटने की कोशिश अगर चुनावी बेला में सरकार की तरफ से की जाएगी तो विपक्ष अपनी लामबंदी से घेरने को तैयार है। इसको ध्यान में रखते कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा में अपने सभी सांसदों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

इस व्हिप के तहत पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य 16, 17 और 18 अप्रैल को सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और पार्टी के रुख के अनुसार मतदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा से यूपीए सरकार के समय



ही पारित हो गया था। लोकसभा में साथी दलों समेत अन्य दलों के विरोध के चलते पारित नहीं कराया जा सका था। राजद, सपा, जदयू समेत विरोध करने वाले दलों के नेता महिला आरक्षण में एससी, एसटी, ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की मांग को लेकर बेहद मुखर थे। अब विधेयक का प्रारूप क्या होगा, विपक्षी दलों की रणनीति उसी आधार पर फ्लोर टेस्ट में बदलेगी। कांग्रेस संसदीय दल के चीफ व्हिप से जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि इन तीन दिनों के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में महिला आरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और मतदान प्रस्तावित है। ऐसे में सभी सांसदों की उपस्थिति सुनिश्चित करना पार्टी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

व्हिप में सांसदों को सुबह 11:00 बजे से सदन की कार्यवाही शुरू होने से लेकर स्थगन तक मौजूद रहने के लिए कहा गया है। पार्टी नेतृत्व ने अपने निर्देश में यह भी रेखांकित किया है कि किसी भी परिस्थिति में अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी और सभी सांसदों को बिना किसी चूक के पार्टी लाइन का समर्थन करना होगा। इस निर्देश को 'अत्यंत महत्वपूर्ण' श्रेणी में रखा गया है, जो इसकी गंभीरता को दर्शाता है।

### क्या होता है तीन लाइन का व्हिप?

तीन लाइन का व्हिप संसद में जारी होने वाला सबसे सख्त निर्देश माना जाता है। इसके तहत संबंधित पार्टी के सांसदों के लिए सदन में उपस्थित रहना और पार्टी के निर्देशानुसार मतदान करना अनिवार्य होता है। यदि कोई सांसद इसका उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें सदस्यता समाप्ति तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### राजनीतिक महत्व

विशेषज्ञों का मानना है कि तीन लाइन व्हिप का जारी होना इस बात का संकेत है कि सदन में होने वाले मतदान बेहद अहम हैं और सरकार तथा विपक्ष दोनों के लिए राजनीतिक रूप से निर्णायक साबित हो सकते हैं। ऐसे में पार्टी अपने सांसदों की पूर्ण उपस्थिति और एकजुटता सुनिश्चित करना चाहती है। इस घटनाक्रम के बाद लोकसभा की आगामी कार्यवाही पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, जहां महिला विधेयक और प्रस्तावों पर तीखी बहस और निर्णायक मतदान होने की संभावना है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद अब्बास पुत्रः फक्र आलम पताः मकान नं. बी–185, शंकर निवास, दूसरी मंजिल, गंगा विहार, गोकुलपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 665/2022 U/s 380/411/IPC, थानाः मजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद अब्बास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद अब्बास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 665/2022 U/s 380/411/IPC, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जावेद अब्बास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
**श्री पंकज राय**
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर पूर्व जिला, रूम नं. 73, पांचवी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4769/NE/2026 (Court Matter)

# हार्दिक और क्रुणाल में कोल्ड वॉर, नहीं मिलाए हाथ !

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल में 12 अप्रैल 20वां लीग मैच वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। मुकाबले में बेंगलुरु ने 18 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बीच पांड्या ब्रदर्स के बीच कोल्ड वॉर भी देखने को मिली, जिसकी चर्चा जोरों से हो रही है। टूर्नामेंट में क्रुणाल बेंगलुरु के लिए और हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। कथित तौर पर मैच के बाद हार्दिक और क्रुणाल ने एक दूसरे से हाथ भी नहीं मिलाया।



### क्रुणाल ने हार्दिक पर मारा तीखा बाउंसर

मैच में एक पल आया कि जब हार्दिक बैटिंग पर और क्रुणाल गेंदबाजी पर एक दूसरे के सामने आए। हार्दिक के सामने बॉलिंग करते हुए क्रुणाल ने एक तीखा बाउंसर मारा, बात सिर्फ बाउंसर मारने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके बाद क्रुणाल ने हार्दिक को तीखी नजरों से देखा भी, जैसे अक्सर गेंदबाज करते हैं। टूर्नामेंट में इससे पहले कभी हार्दिक और क्रुणाल के बीच ऐसा देखने को नहीं मिला है। हार्दिक को जैकब डफी ने आउट किया, जिसके बाद क्रुणाल पांड्या ने काफी एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। क्रुणाल ने इस सेलिब्रेशन ने भी फैंस का ध्यान खींचा। अक्सर आईपीएल में हार्दिक और क्रुणाल को एक दूसरे खिलाफ बड़े ही प्यार-मोहब्बत के साथ खेलते देखा जाता था। दोनों एक दूसरे के गले मिलते थे, एक दूसरे से हाथ मिलाते थे।

### मैच के बाद नहीं किया हैंडशेक

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब मैच के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, तब हार्दिक और क्रुणाल ने हैंडशेक नहीं किया। हालांकि यह अभी दोनों के बीच सबकुछ ठीक न होने के सिर्फ कयास हैं। हार्दिक और क्रुणाल ने इस बारे में किसी भी तरह का कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हम भी दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की पुष्टि नहीं करते हैं।

# बीसीसीआई ने आरआर के मैनेजर को भेजा नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में डगआउट में फोन चलाते दिखे थे।

बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उसने इस मामले में 48 घंटे में जवाब मांगा है। रोमी भिंडर गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मैच के दौरान डगआउट में फोन चला रहे थे। उस समय उनके पास वैभव सूर्यवंशी भी बैठे हुए थे। टीवी कैमरों में भिंडर के फोन चलाने की घटना कैद हो गई थी। इसके बाद बवाल हो गया।

### मैच के बीच फोन चलाने का मामला



### भिंडर की है बचने की संभावना

बताया जा रहा है कि टीम मैनेजर मैच के दौरान एक फोन पास में रख सकते हैं। लेकिन वे इस दौरान अगर कोई फोन करते या उठाते हैं तो वह डगआउट में नहीं हो सकता। ऐसा सिर्फ ड्रेसिंग रूम में जाकर ही किया जा सकता है। भिंडर की जो क्लिप सामने आई है उसमें वे फोन पर बात नहीं कर रहे थे। वे केवल फोन स्क्रॉल कर रहे थे। अब देखना होगा कि राजस्थान रॉयल्स और भिंडर की तरफ से क्या सफाई दी जाती है।

### गंभीर रूप से बीमार रहे थे भिंडर

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भिंडर हाल ही में गंभीर रूप से बीमार रहे थे। इस वजह से वह अपने साथ फोन लेकर चलते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भिंडर के दोनों फेफड़े खराब हो गए थे। इसकी वजह से उन्हें आईसीयू में रहना पड़ा था। वे कुछ समय के लिए वेंटीलेटर पर थे। करीब एक महीने तक वे अस्पताल में भर्ती रहे।

## खबर संक्षेप



### 2027 में होगी फार्मूला वन रेस की वापसी : खेलमंत्री

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि उन्हें यकीन है कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी और इसके लिए कर संबंधी बाधाओं को दूर किया जाएगा, जिसकी वजह से 2013 के बाद भारत में रेस नहीं हुई है। मांडविया ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, 'भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।' भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। वहीं लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाले फार्मूला वन के सूत्रों ने कहा कि भारत में 2027 में रेस संभव नहीं है हालांकि भारत को उभरते बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

### यूएस ओपन पिकलबॉल में भारत का दबदबा



**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह और धीरेन पटेल ने फ्लोरिडा के नेपल्स में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में अपनी-अपनी एकल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अर्जुन ने एश्टन पैटरसन को सीधे सेटों में 13-11, 11-6 हराकर पुरुष एकल 5.0 का खिताब जीता। धीरेन ने 40 प्लस प्रो पुरुष एकल वर्ग में जुआन अरेया की कड़ी चुनौती से पार पाकर 11-9, 3-11, 11-9 से जीत हासिल की। धीरेन इस श्रेणी में पहले भी यूएस ओपन जीत चुके हैं और उनका अनुभव फाइनल में काफी काम आया। उन्होंने कहा, 'यह सबसे कड़े मुकाबलों में से एक था लेकिन मैं अपनी रणनीति पर कायम रहा और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। इस श्रेणी में एक से अधिक बार खिताब जीतना खास है।' भारत इस तरह से इस टूर्नामेंट में अब तक तीन स्वर्ण पदक जीत चुका है।

### 22 नवंबर से डीपी वर्ल्ड आईएलटी20

DP WORLD ILT20

**दुबई।** डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के पांचवें सत्र का आयोजन इस साल 22 नवंबर से किया जाएगा। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता में 34 मुकाबले खेले जाएंगे और यह 20 दिसंबर को संपन्न होगी। पिछले सत्र में डेजर्ट वाइपर्स ने एमआई एमिरेट्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था।

## डेब्यू पर साकिब और प्रफुल्ल को 4-4 विकेट, ईशान ने 91 रन बनाए

# हैदराबाद ने रोका रॉयल्स का विजयी रथ

**▶▶| लगातार 4 जीत के बाद हारी राजस्थान, प्रफुल्ल मैन आफ द मैच**

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

- रॉयल्स को 57 रनों से हराया
- राजस्थान हार के बावजूद टॉप पर

सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 57 रनों से हरा दिया। यह रियान पराग की कप्तानी वाली राजस्थान की पहली हार है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 6 विकेट पर 216 रन बनाए। राजस्थान ने पहले तीन ओवर में ही 5 विकेट खो दिए थे। टीम की पारी 19वें ओवर में 159 रनों पर सिमट गई। शुरुआत चार मैच जीतने वाली राजस्थान की यह सीजन में पहली बार है। 8 पॉइंट के साथ टीम अभी भी टेबल में पहले नंबर पर है। वहीं हैदराबाद की 5 मैचों में दूसरी जीत है। डेब्यू कर रहे प्रफुल्ल हिंगे ने पहले ही ओवर में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को आउट कर दिया। तीनों का खाता नहीं खुला। पहली बार आईपीएल पारी के पहले ओवर में किसी गेंदबाज ने तीन विकेट लिए हैं। अगले ओवर में दूसरे डेब्यूटेंट साकिब हुसैन ने यशस्वी



जायसवाल (1) को आउट कर दिया। तीसरे ओवर में प्रफुल्ल ने रियान पराग का विकेट लेकर राजस्थान का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट कर दिया। डोनोवन फरेरा और रविंद्र जडेजा ने विकेट गिरने के सिलसिले को रोक दिया। हालांकि दोनों के बीच 118 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। फेरेरा ने अपनी फिफ्टी बनाई लेकिन लगातार छक्के चौके नहीं मार पाए। साकिब ने 15वें ओवर में फेरेरा को बोल्ड करके साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 44 गेंद पर 69 रन बनाए। अगले ओवर में रविंद्र जडेजा 45 रन बनाकर आउट हो गए। साकिब ने 24 रन देकर 4 जबकि प्रफुल्ल ने 34 रन देकर 4 विकेट झटके। टॉस हारकर पहले खेलने उतरे सनराइजर्स हैदराबाद को इस मैच की पहली ही गेंद पर अभिषेक शर्मा के रूप में झटका लगा। जोफ्रा आर्चर ने उनका शिकार किया। यहां से कप्तान ईशान किशन ने ट्रेविस हेड के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। हेड 18 गेंदों में 3 चौकों के साथ 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ईशान ने हेनरिक क्लासेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 88 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। ईशान किशन महज 9 रन से अपना दूसरा आईपीएल शतक चूके। उन्होंने 44 गेंदों में 6 छक्कों और 8 चौकों के साथ 91 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने हेनरिक क्लासेन (40 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 19 रन, जबकि सलिल अरोड़ा के साथ पांचवें विकेट के लिए 33 रन जुटाए। नीतीश रेड्डी 13 गेंदों में 4 छक्कों के साथ 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सलिल अरोड़ा ने 13 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ नाबाद 24 रन की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट निकाले, जबकि संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे और रियान पराग को 1-1 विकेट हाथ लगा।



### सीएसके की नजर दबदबे पर, कोलकाता जीत के लिए बेताब

*चेन्नई। पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा।*

**मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट**

# रॉरी मैकलॉय ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| ऑगस्टा

रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफ़लर पर एक शॉट से जीत हासिल की। मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। मै क लॉ य इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।

### मास्टर्स जीतना बहुत मुश्किल

मैकलॉय ने कहा, 'पिछले साल मास्टर्स और ग्रैंड स्लैम जीतना बहुत मुश्किल लग रहा था, लेकिन इस साल मुझे अहसास हुआ कि मास्टर्स जीतना वाकई बहुत मुश्किल है। अविश्वसनीय।' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं।' टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

**सीरी-ए फुटबॉल लीग**

# जीत के साथ खिताब के करीब पहुंचा इंटर मिलान



एजेंसी ▶▶| रोम

इंटर मिलान ने कोमो के खिलाफ दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-3 से जीत हासिल की और इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में अपनी बढ़त को नौ अंक तक पहुंचा दिया है।

मार्कस थुरम और डेनजेल डम्फ्रीस ने इंटर के लिए दो-दो गोल किए। इससे उसने दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली के पर्मा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान के अब 32 मैच में 75 अंक हो गए हैं। नेपोली के इतने ही मैच में 66 अंक हैं। एसी मिलान 32 मैच में 63 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस प्रतियोगिता में अब छह दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

### एमबाप्पे के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे वेदात



**मैड्रिड।** वेदात मुरीकी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मालोर्का की तरफ से दो गोल किए, जिससे वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के इस सत्र में सर्वाधिक गोल करने के काइलिन एमबाप्पे के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए हैं।मुरीकी के दो गोल की मदद से मालोर्का ने रायो वैलेकानो को 3-0 से हराया। कोसोवो के स्ट्राइकर ने पहले हाफ के आखिर में चार मिनट के अंतराल पर दो गोल दागे। ये लीग में उनके इस सत्र में 20वें और 21वें गोल थे। इस तरह से वह एमबाप्पे के 23 गोल से सिर्फ दो गोल पीछे हैं।

**महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट**

# मौका गंवाने के बाद वापसी पर वैशाली की नजरें

**पाफोस।** शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी।

### कैटरीना की चुनौती करना होगा सामना

झोंगयी के अलावा वैशाली को रूस की कैटरीना लेगनो की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा। कैटरीना शीर्ष पर रहने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं लेकिन उनकी चुनौती से पार पाना आसान नहीं होगा। कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा भी लेगनो के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के बाद खिताब की दावेदार बनीं हुई हैं जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक भी दौड़ में हैं।

# एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग: सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी, अल्कारेज को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| रोम

इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था, जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे।

क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है।



### अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर

सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। नोवाक जोकोविच, फेलिक्स ऑगर एलियासिम, बेन शेल्टन, एलेक्स डि मिनोर, टेलर फ्रिट्ज, लॉरेंजो मुसेटी और दानिल मेदवेदेव शीर्ष 10 में शामिल हैं।

**महिला टी20 वर्ल्ड कप : पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत वृद्धि**

# आईसीसी का महिला क्रिकेट को तोहफा, प्राइज मनी में इजाफा

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा।

### विजेता टीम को मिलेंगे 21.8 करोड़ रुपए




### प्रतिभागी टीमों को मिलेगा सुनिश्चित पुरस्कार

आईसीसी ने कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपए) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। इस विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। 33 मैचों का यह टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा। इस बीच, टी20 विश्व कप ट्रॉफी मेजबान शहरों का दौरा करेगी और लंदन में इसका समापन होगा।

### स्कॉटलैंड में पहला पड़ाव

स्कॉटलैंड में 7 से 10 मई तक इसका पहला पड़ाव होगा। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, महिला क्रिकेट का विकास लगातार तेज हो रहा है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का 12 टीमों तक विस्तार और रिकॉर्ड पुरस्कार राशि, एक मजबूत और अधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## अमेरिका की धमकियों पर तेहरान ने किया पलटवार कहा

# ईरान पोर्ट को निशाना बनाया तो इलाके का कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा



### ईरान बोला- खाड़ी के बंदरगाह या तो सबके लिए या किसी के लिए नहीं

**» अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी शुरू की**

**» ईरान संग खुलकर आया चीन, ट्रंप ने चेताया, कहा हमारे मामले में दखल नहीं**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/तेहरान

इस्लामाबाद में शांति वार्ता असफल होने के बाद अमेरिका लगातार ईरान को धमका रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार धमकियां दे रहे हैं। उनकी धमकियों पर ईरान ने भी पलटवार किया है। तेहरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी और ओमान सागर में कोई भी पोर्ट सुरक्षित नहीं रहेगा।

ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने कहा कि क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। अगर सुरक्षा सबके लिए नहीं होगी, तो किसी के लिए भी नहीं होगी। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने घोषणा की है कि अमेरिका सोमवार से ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी (ब्लॉकेड) लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत ईरान के बंदरगाहों में आने-जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें रोका जा सकता है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले वे जहाज जो ईरान के अलावा अन्य देशों के बंदरगाहों के बीच सफर कर रहे हैं, उन्हें आने-जाने की इजाजत दी जाएगी। वहीं ट्रंप ईरान को लेकर धड़ाधड़ एक्शन लेते नजर आ रहे हैं और उनके ज्यादातर फैसलों से न सिर्फ ईरान, बल्कि चीन भी प्रभावित हो रहा है। चीन द्वारा ईरान को सैन्य हथियारों की मदद करने से जुड़े इंटेल के बाद बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया था और कहा था कि चीन द्वारा ईरान की सैन्य मदद करने से जुड़े सवाल पर ट्रंप ने कहा था कि, इसके परिणाम गंभीर होंगे. मुझे शक है कि वे ऐसा करेंगे, अगर हमने उन्हें ऐसा करते हुए पकड़ लिया, तो उन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगेगा, जो कि सचमुच एक बहुत बड़ी रकम है।

- **चीन को धमकी** : ट्रंप ने चीन को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50% तक भारी टैरिफ लगा देगा।
- **होर्मुज की नाकाबंदी** : ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी करेगी और ईरान को टोल देने वाले जहाजों को भी रास्ते में रोक लिया जाएगा।
- **ईरान ने टोल मांगा** : ईरान ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह उसके कंट्रोल में है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को रियाल में टोल देना जरूरी होगा।
- **50 लोग गिरफ्तार** : ईरान में करीब 50 लोगों को जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है, जिन पर अमेरिका और इजराइल को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है।

### ट्रंप का दावा- अब तक 158 ईरानी जहाज तबाह किए

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। ट्रंप के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं। इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोबारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि सभी विकल्प खुले हैं और हालात के हिसाब से आगे का फैसला लिया जाएगा।

### नाकाबंदी से पहले ईरान से जुड़े दो तेल टैंकर होर्मुज से निकले

ईरान से जुड़े दो तेल टैंकर अमेरिका की संभावित नाकाबंदी से पहले फारस की खाड़ी से बाहर निकल गए हैं। ये दोनों जहाज होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते बाहर निकेल। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑरोरा नाम का टैंकर ईरान के ऑयल प्रोडक्ट लेकर जा रहा था। वहीं न्यू फ्यूचर नाम का दूसरा टैंकर डीजल लेकर जा रहा है। अमेरिका ईरान के बंदरगाहों और समुद्री इलाकों पर नाकाबंदी करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इन टैंकरों को जल्दी बाहर निकाल लिया गया ताकि किसी रोक या कार्रवाई से बचा जा सके।

### चीन : हमारे जहाज होर्मुज से आ-जा रहे



अब चीन ट्रंप की धमकियों के बीच खुलकर ईरान के साथ खड़ा नजर आ रहा है। होर्मुज पर नाकाबंदी की घोषणा के बाद ड्रैगन ने ईरान का समर्थन किया है और अमेरिका को बड़ी चेतावनी भी दी है। ट्रंप के कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने कहा कि, बीजिंग दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है और मध्य पूर्व की स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने आगे सख्त लहजे में कहा कि, हमारे जहाज होर्मुज स्ट्रेट में लगातार आ-जा रहे हैं। ईरान के साथ हमारे व्यापारिक और ऊर्जा समझौते हैं। हम उनका सम्मान करेंगे और उम्मीद करते हैं कि कोई और हमारे मामलों में दखल न दे. होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल है और यह हमारे लिए खुला है। दुनिया की तेल जरूरतों को पूरा के लिए सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर नाकाबंदी को लेकर अमेरिका ने कदम पाकिस्तान में हुई वार्ता के बेनतीजा निकलने के बाद उठाया है। इस नाकाबंदी से चीन की एनर्जी सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो सकती है, क्योंकि चीन, ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। ऐसे में होर्मुज में शिपमेंट से जुड़ी किसी भी तरह की रुकावट से न सिर्फ ईरान के रेवेन्यू को चोट लगेगी, बल्कि चीन की तेल सप्लाई में बड़ी परेशानी पेश आ सकती है, जो चीन इकोनॉमी के लिए अच्छी नहीं है। यही कारण है कि ट्रंप की धमकी के बाद चीन बौखलाया नजर आ रहा है।

### ट्रंप पर भड़के पोप ने कहा-मैं राजनेता नहीं हूं



पोप लियो 14 ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी तरह की बहस से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनका काम राजनीति करना नहीं, बल्कि दुनिया में शांति का संदेश देना है। दरअसल, हाल ही में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर पोप लियो की आलोचना की थी। उन्होंने पोप को कमजोर और विदेश नीति के लिए खराब बताया था। सोमवार को अफ्रीका के अल्जीरिया दौरे के दौरान पोप लियो 14 ने पत्रकारों से कहा- मैं कोई राजनेता नहीं हूं और मेरा ट्रंप से बहस करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका मुख्य काम दुनिया में शांति को बढ़ावा देना है। पोप लियो ने हाल ही में ईरान युद्ध पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि दुनिया में बढ़ती आक्रामकता और ताकत का घमंड खतरनाक है और इससे बचने के लिए प्रार्थना और शांति जरूरी है। पोप लियो ने कहा है कि वह युद्ध के खिलाफ अपनी आवाज उठाना जारी रखेंगे, भले ही उन्हें आलोचना का सामना करना पड़े।

### लेबनान और इजराइली सेना के बीच हमले जारी

लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के कई ठिकानों और बस्तियों पर एक साथ कई हमले किए हैं। हिजबुल्लाह के मुताबिक, उसके लड़ाकों ने मिसगव आम बस्ती को निशाना बनाया। इसके अलावा, कफर गिलादी में इजराइली सैनिकों पर हमला किया गया। संगठन ने यह भी कहा कि उसने जारित इलाके में मौजूद इजराइली सैन्य बैरक को भी निशाना बनाया। वहीं दूसरी तरफ इजराइल की सेना ने कहा कि उसने दक्षिण लेबनान के बिन्त जबील इलाके में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### होर्मुज संकट के बीच तेहरान से आई खुशखबरी 7 साल बाद भारत पहुंचा ईरानी कच्चा तेल

## टैंकर में करीब 20 लाख बैरल तेल

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर चल रही तनातनी के बीच ईरान से भारत के लिए बड़ी राहत आई है। करीब सात साल के बाद ईरान का कच्चा तेल फिर से भारत पहुंचा है। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, दो बड़े सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तट पर पहुंचे हैं, जो ईरानी कच्चा तेल लेकर आए हैं। जानकारी के मुताबिक 'फेलिसिटी' नाम का एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर, जिसे नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी ऑपरेट करती है, रविवार देर रात गुजरात के सिका तट के पास पहुंचा। इस टैंकर में करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के बीच में खार्ग द्वीप से लोड किया गया था। वहीं दूसरा टैंकर 'जया' ओडिशा के पारादीप तट के पास पहुंचा है। उसमें भी लगभग इतनी ही मात्रा में कच्चा तेल है। इसे फरवरी के आखिर में खार्ग द्वीप से लोड किया गया था। भारत पहुंचे इन कार्गो के खरीदारों की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पारादीप पोर्ट मुख्य रूप से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन चलाती है, जिसने पुष्टि की है कि उसने छूट के तहत कम से कम एक खेप खरीदी है। वहीं सिका क्षेत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के लिए एक अहम क्रूड हैंडलिंग हब है, जहां इन कंपनियों का इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। बता दें कि करीब सात साल बाद भारत पहुंचे ये ईरानी तेल के पहले कार्गो हैं। इससे पहले अमेरिका ने पिछले महीने कुछ शर्तों के साथ प्रतिबंधों में राहत दी थी। एक महीने की इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद ईरानी तेल को बेचने की इजाजत दी गई थी, ताकि वैश्विक ईंधन सप्लाई में कमी ना आए और कीमतें काबू में रहें। हालांकि, बीते शनिवार को पाकिस्तान में शांति वार्ता टूटने के बाद अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा कर दी है, जिससे ईरान को तेल निर्यात से हो रही आय को सीमित किया जा सके।

### ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता था भारत

गौरतलब है कि इससे पहले भारत ईरान से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदता था। रिफाइनरी के लिए अनुकूल होने के कारण ईरानी 'लाइट' और 'हेवी' ग्रेड की काफी मांग थी। 2018 में भारत ने रोजाना करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल खरीदा था, जो जनवरी से मई 2019 के बीच घटकर 2.68 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया था। इसके बाद मई 2019 से आयात पूरी तरह बंद हो गया था। उस समय भारत के कुल तेल आयात में ईरानी तेल की हिस्सेदारी 11.5 प्रतिशत तक थी।

### फ्रांस-यूके होर्मुज में नौसैनिक मिशन पर चर्चा करेंगे

*फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस और ब्रिटेन मिलकर होर्मुज स्ट्रेट में नौसैनिक मिशन पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ एक कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें समुद्री सुरक्षा पर चर्चा होगी। मैक्रों ने साफ किया कि यह मिशन पूरी तरह रक्षात्मक होगा और युद्ध में शामिल पक्षों से अलग रहेगा। इस बहुराष्ट्रीय पहल का होर्मुज में जहाजों की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही बहाल करना है। उन्होंने कहा कि हालात अनुकूल होते ही इस मिशन को तैनात किया जाएगा।*

### जर्मनी में पेट्रोल सस्ता होगा, 2 महीने टैक्स कटौती

*जर्मनी में पेट्रोल और डीजल सस्ता होने जा रहा है। सरकार ने दो महीने के लिए ईंधन पर टैक्स घटाने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल और डीजल पर करीब 17 यूरो सेंट प्रति लीटर तक टैक्स कम किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह कदम ऊर्जा संकट से प्रभावित आम लोगों और कारोबार को राहत देने के लिए उठाया गया है। टैक्स कटौती से ईंधन की कीमतों में कमी आएगी, जिससे ट्रांसपोर्ट और रोजमर्रा के खर्च पर असर कम पड़ेगा।*

### भारत से ईरान को दूसरी खेप में मेडिकल मदद भेजी

*भारत की ओर से भेजी गई मेडिकल सहायता की दूसरी खेप ईरान के रेड क्रिसेंट सोसायटी को रवाना की गई है। ईरान के राजदूत ने भारतीय नागरिकों का धन्यवाद करते हुए उनकी मदद को मानवीय सहयोग बताया गया है। इस बीच दूतावास ने जानकारी दी है कि दान के लिए इस्तेमाल हो रहा उसका बैंक अकाउंट अब चालू नहीं है। अब लोग हैदराबाद स्थित ईरानी कांसुलेट में जाकर नकद दान कर सकते हैं।*

### हमलों में तेहरान के 77 ऐतिहासिक स्मारक क्षतिग्रस्त

*ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिका और इजराइल के हमलों से 77 ऐतिहासिक स्मारकों को नुकसान पहुंचा है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में महल, संग्रहालय और कई सांस्कृतिक धरोहर प्रभावित हुई हैं। कुल नुकसान में करीब 90% क्षति मामूली है, जबकि 10% स्मारकों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इनमें 38 राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत स्मारक शामिल हैं, जबकि बाकी भी सांस्कृतिक और वास्तु महत्व की इमारतें हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 27 स्मारक काजार काल के हैं। हमलों में फरोंखाबाद पैलेस, इश्रताबाद पैलेस, कहाक मिल, कसर जेल, मार्बल पैलेस का स्टोन गेट, अहमद रजा पहलवी पैलेस और रफी निया सिनेगॉग हाउस जैसे प्रमुख स्थल भी प्रभावित हुए हैं।*

### ड्रोन और हल्के विमानों की उड़ान क्षमता और संचालन में होगा सुधार

# उत्तर भारत में पहली बार बनेगा विमान इंजन टेस्टिंग केंद्र, ब्रिटिश कंपनी के साथ मिलकर परियोजना शुरू

- यह तकनीक कम दूरी या लगभग वर्टिकल टेक-ऑफ की सुविधा देगी
- आपदा राहत मेडिकल इवैक्यूएशन ड्रोन लॉजिस्टिक्स होगी हाईटेक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एआई इमेज

भारत में उन्नत विमानन तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड (टीडीबी), विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने गुरुग्राम स्थित केसी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता बूस्ट इलेक्ट्रिक जंप टेक-ऑफ (बीई-जेटीओ) परियोजना के तहत किया गया है, जिसे भारत-यूके इंडस्ट्रियल सस्टेनेबिलिटी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत यूके की एआरसी एयरोसिस्टम्स लिमिटेड के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए टीडीबी ने सशर्त अनुदान स्वीकृत किया है। इसका मुख्य उद्देश्य हाइब्रिड प्रोपल्शन आधारित जंप टेक-ऑफ (जेटीओ) सिस्टम विकसित करना है, जिससे ड्रोन और हल्के विमानों की उड़ान क्षमता और संचालन में बड़ा सुधार हो सके। यह तकनीक कम दूरी या लगभग वर्टिकल टेक-ऑफ की सुविधा देगी, जिससे दुर्गम और दूरदराज इलाकों में भी आसानी से संचालन संभव होगा। टीडीबी के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए इस तरह के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम रणनीतिक क्षेत्रों में नई तकनीकों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि हाइब्रिड प्रोपल्शन और एडवांस टेक-ऑफ सिस्टम भारत की ड्रोन और क्षेत्रीय हवाई सेवाओं की क्षमता को मजबूत करेंगे और टिकाऊ विमानन समाधान को बढ़ावा देंगे। वहीं, केसी एविएशन के प्रमोटर्स ने इस सहयोग के लिए सरकार का आभार जताया और कहा कि इस परियोजना से उनकी तकनीक को वास्तविक परिस्थितियों में परीक्षण का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य के लिए स्केलेबल और उन्नत विमानन समाधान विकसित करने में तेजी आएगी।

### अत्याधुनिक टेस्ट-बेंच सुविधा स्थापित होगी

*परियोजना के तहत उत्तर भारत में एक अत्याधुनिक टेस्ट-बेंच सुविधा स्थापित की जाएगी, जहां रोटरक्राफ्ट प्रोपल्शन सिस्टम का परीक्षण और अनुकूलन किया जाएगा। यह सुविधा न केवल कंपनी के लिए बल्कि स्टार्टअप्स और अन्य डेवलपर्स के लिए भी उपयोगी साबित होगी, जो एडवांस्ड एरियल मोबिलिटी और ड्रोन तकनीक पर काम कर रहे हैं। इस तकनीक के इस्तेमाल से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, आपदा राहत, मेडिकल इवैक्यूएशन, ड्रोन लॉजिस्टिक्स और निगरानी जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव की उम्मीद है। खासकर उन इलाकों में जहां पारंपरिक विमान संचालन मुश्किल होता है, वहां यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।*

### ईरान-अमेरिका तनाव और कनाडा का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶ टोरंटो



ईरान और अमेरिका के बीच दो सप्ताह का संघर्ष विराम जारी है, हालांकि पाकिस्तान में हुई द्विपक्षीय वार्ता बेनतीजा रही। इसी बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका को झटका देते हुए घोषणा की है कि कनाडा अब अपने रक्षा बजट का 70% अमेरिकी कंपनियों पर खर्च नहीं करेगा। इस कदम का उद्देश्य घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करना और यूएस पर निर्भरता कम करना है।




### विदेशों पर घटेगी निर्भरता, तेजस विमानों के बेड़े की बढ़ेगी रणनीतिक क्षमता

# अब तेजस के इंजन का देश में रखरखाव करेगी वायुसेना, जीई संग हुआ समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्ध और घरेलू मोर्चे पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच सोमवार का दिन भारतीय वायुसेना के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस (एलसीए) की रणनीतिक क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी करने वाला साबित हुआ। जिसकी सबसे बड़ी वजह वायुसेना और जीई एयरोस्पेस के बीच हुआ वह समझौता है। जिसमें अब देश के अंदर इन युद्धक विमानों के इंजन एफ 404-आईएन20 की मरम्मत, रखरखाव और संपूर्ण जांच यानी एमआरओ के लिए एक बड़ा डिपो स्थापित किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि समझौते का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इंजन के रखरखाव के इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर वायुसेना को विदेशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उसकी तेजस विमान से जुड़ी हुई रणनीतिक क्षमता में भी काफी इजाफा देखने को मिलेगा।



### संभवतः उत्तर-प्रदेश में बनेगी सुविधा

*सूत्रों ने कहा कि एमआरओ सुविधा उत्तर-प्रदेश के किसी शहर में बनेगी। जो कि पूरी तरह से वायुसेना के अधिकार क्षेत्र में रहेगी और वो ही इसके संचालन और अन्य दायित्वों का निर्वहन करेगी। वर्ष 2028-29 तक यह डिपो अपनी पूर्ण क्षमता के साथ संचालन प्रक्रिया की शुरुआत कर सकता है। वायुसेना ने इसके माध्यम से अपनी भावी योजना को भी ध्यान में रखा है। जिसमें अगली पीढ़ी के इंजन के अपग्रेड का काम भी यहां किया जाना शामिल है। रणनीतिक जरूरतों के मुताबिक, इसमें एफ-414 इंजन शामिल है। यह एमआरओ सुविधा वायुसेना की उन्नत एयरोस्पेस ढांचे में बढ़ती भूमिका को भी भली-भांति रेखांकित करती है। जीई एयरोस्पेस समझौते के जरिए जटिल तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, विशेष उपकरण और कलपुर्जों के मामले में मदद प्रदान करेगी। जिससे यह सुविधा पूरी तरह से अपने संचालन को आगे बढ़ा सकेगी।*

### वायुसेना को चाहिए 180 और तेजस विमान

*सूत्रों की मानें तो वायुसेना ने पहले ही 180 अतिरिक्त तेजस मार्क-1ए विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं, इसके पूर्व में बल ने इसी श्रेणी के 40 तेजस विमानों का ऑर्डर भी एचएएल को दिया हुआ है। एक बार एमआरओ सुविधा के पूरी तरह से चालू होने के बाद विमानों के इंजन को मरम्मत इत्यादि के लिए विदेश भेजने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिससे इनके विदेश जाने और उसके बाद देश पहुंचने वाला समय घटेगा, आवागमन को लेकर क्षमता बढ़ेगी और ज्यादा संख्या में विमानों की रणनीतिक रूप से तैनाती आसान हो जाएगी। इन सबसे इतर इंजनों के बाहर जाने पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। कुल मिलाकर यह डिपो भारत की स्वदेशी सतत रक्षा तंत्र को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109